

दावते फ़िक्र

लेखक
मुहम्मद अहमद साहब बरेलवी

क़ादरी दारुल इशाअत
मुस्तफ़ा मस्जिद वैलकम दिल्ली-53

786

92

बफ़ैज़ाने सरकार मेरे शैख़ ओ मुर्शिद हज़रत अल्लामा मौलाना हुज़ूर मुफ़्तीए आज़मे हिन्द मुस्तफ़ा रज़ा ख़ाँ अलैहिर्रहमा वर्रिद्वान

ईमान व अमल को रौशन करने वाली व हक़ और बातिल की पहचान कराने वाली किताब तौहफ़ए लाजवाब

दावते फ़िक्र

मुरत्तबा जनाब मुहम्मद अहमद साहब

नाशिर

आलाहज़रत एकाडमी

बरेली शरीफ़

नाम किताब	दावते फ़िक्र
लेखक	मुहम्मद अहमद नूरी
मुलाहिज़ा कर्दा	1. मुफ़्ती मुहम्मद आज़म साहब
	2. मौलाना बहा उल मुस्तफ़ा साहब
	3. मौलाना सग़ीर अख़तर साहब
मिलने के पते	आलाहज़रत एकाडमी 196,197 इंगलिश गंज क़िला बरेली
	मकतबा जामे नूर 422, मटिया महल दिल्ली
	फ़ारूक़िया बुक डिपो 422, मटिया महल दिल्ली

फेहरिस्त

पेश लफ़्ज़

अज़ हज़रत मौलाना मुफ़्ती मुहम्मद आज़म साहब क़िब्ला शैख़ुल हदीस दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ़

नहमदुहू व नुसल्लि अ़ला रसूलिहिल करीम

मैने इस किताब " दावते फ़िक्र " मुरत्तबा जनाब मुहम्मद अहमद साहब नूरी बरेलवी का मुताला किया। इस किताब में ईमान की अहमियत और उसकी हिफ़ाज़त और ईमान के लुटेरों और बद्मज़हबों से दूर रहने का बयान है। .कुरआन व हदीस और उल्माए अहले सुन्नत की किताबों ख़ुसूसन आला हज़रते इमाम अहले सुन्नत (अ़लैहिर्रहमत) की किताब तम्हीदे ईमान और उनके फ़तावा के हवालाजात से पेश की गई हैं। वहाबियों की किताबों की कुफ़्री इबारात की फ़ोटो कापी पेश करके इसमें आपने एक नया रंग दिया है जो इस बात का वाज़ेह सुबूत है कि वहाबी फ़िरक़ा बद्दीन है। माशा अल्लाह किताब बहुत मुफ़ीद ईमान को महफ़ूज़ व मज़बूत करने वाली ईमान व अमल को रौशन करने वाली गुमराह व गुमराहकुन अफ़राद व फ़िरक़ों से बचाने वाली है चूंकि हिन्दी में है इसलिए ख़ास तौर से आजकल के हिन्दी-दाँ नौजवानों के लिए बहुत मुफ़ीद है। मौला तआ़ला इसे क़बूले आम फ़रमाए और साहिबे किताब मुहम्मद अहमद साहब नूरी को दूसरी और मुफ़ीद किताबें मुरत्तब करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। आमीन। बिरहमतिका या अरहमर्राहिमीन व सल्लल्लाहु तआ़ला अ़ला सय्येदिना मुहम्मदियूँ व आलिही व असहाबिही अजमईन।

मुहम्मद आज़म .ग़ुफ़िरालहु

6 सफ़र 1413

किताब पढ़ने से पहले यह दो शब्द .जुरूर पढ़ें

अल्लाह और उसके प्यारे हबीब स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के फ़ज़्ल -ओ- करम और सरकारे ग़ौसे पाक, ख़्वाजा ग़रीब नवाज़, सरकारे आला हज़रत और मेरे पीर -ओ- मुर्शिद सरकार हुज़ूर मुफ़्ती -ए- आज़म की नज़्रे करम से यह छोटी सी किताब "दावते फ़िक्र" का नवीन संसकरण जो कि रद्दे वहाबिया पर ही है आपके हाथ में है।

यह किताब अस्ल में उन लोगों के लिए है जो सुन्नी वहाबी के झगड़े को सही तौर पर नहीं पहचानते और इधर-उधर के लोगों की बातें सुन सुन कर या सुन्नीयों की बदआमालियाँ देखकर यह समझ बैठे हैं कि सुन्नी सही रास्ते पर नहीं या फिर इन इख़्तेलाफ़ (मतभेद) से इसी वजह से दूर रहते हैं और इस इख़्तेलाफ़ को सिर्फ़ मौलवीयों की लड़ाई समझ कर छोड़ बैठे हैं। यह किताब उन लोगों के लिए नहीं जो सब कुछ जानते हुए भी अन्जान बने बैठे हैं या जिनके दिलों पर अल्लाह तआ़ला ने मोहर कर दी है और उन्हें अब हक़ नहीं सूझता और ऐसे लोगों को आप कितना ही समझाइये वह सिर्फ़ ज़बान चला कर और सच को झूट पेश कर के आज कल के वकीलों की तरह जीतने की कोशिश करते हैं जब कि वो ख़ूब समझते हैं कि ख़ुद ही झूटे और मक्कार हैं और ख़ुद तो अपनी आक़बत ख़राब कर बैठे दूसरों की आक़बत भी ख़राब कर रहे हैं।

पढ़ने वालों से मेरी गुज़ारिश है कि तंग-नज़री और शुकूक को दूर करके ***इस किताब को पूरा पढ़ें अधूरा न छोड़ें*** और फिर ठंडे दिमाग़ से सोचें कि वाक़ई मैं सही कह रहा हूँ या इस तरह से लिखने से मैं क़ौम को कोई नुक़सान

पहुँचा रहा हूँ। क्या मैंने आपको उन लोगों (जो अल्लाह व रसूल को बुरा कह कर मुरतद हो गए) से होशयार करके बुरा किया है या अच्छा? क्या मैं ईमान (जो सबसे अहम चीज़ है) के छीनने वाले से आपको होशयार करके मुसलमानों को फ़ायदा पहुँचा रहा हूँ या नुक़सान?

यह किताब पाठकों की अदालत में पेश है और कहना यह है कि क्या हम उस मक़सद में कामयाब है जिसके लिए दुनिया में भेजे गए यानी क्या हम ईमान पर हैं? क्या हम वहाबियत की तरफ़दारी करके अल्लाह व रसूल से लड़ाई का ऐलान नहीं कर रहे हैं? क्या हम ख़्वामख़्वाह दूसरों के बहकावे में आकर सैकड़ों उन कामों से दूर नहीं हो जाते जो हमारे लिए नेकियों का ज़ख़ीरा बनतीं? क्या हम वहाबियों के बहकावे में आकर अपनी नमाज़ें, रोज़े, ज़कात और हज जैसे फ़राइज़ को ज़ाए नहीं कर रहे? क्या हम उन लोगों से निकाह करके जो अल्लाह रसूल के बदगो हैं अपनी नस्लों को बरबादी के रास्ते पर नहीं डाल रहे? क्या हम अन्जाने में उन लोगों से दोस्ती करके जिनसे अल्लाह और उसके हबीब ने बचने का हुक्म दिया अल्लाह व रसूल को नराज़ नहीं कर रहें? अरे उन्हीं से वास्ता पड़ना है क़ब्र में, हश्र में, मीज़ान पर, पुलसिरात पर और फिर जन्नत में भी तो वही ले जायेंगे दोज़ख़ से भी तो वही बचायेंगे। अपने दिल पर हाथ रख कर कहना क्या हम जैसों के आमाल इस क़ाबिल हैं कि जन्नत में जायें मगर उनके सदक़े में जन्नत ही में जायेंगे? इन्शाअल्लाह तआ़ला। क्या सिर्फ़ अपने आमाल के भरोसे जन्नत पा जाओगे हरगिज़ नहीं। क़सम ख़ुदा की बिना अल्लाह के महबूब के चाहे जन्नत नहीं मिलनी, अल्लाह तआ़ला ने उन्हीं के लिए ये सारे जहान बनाए हैं, उन्हें राज़ी करने में ही नजात है। वह राज़ी हुए तो अल्लाह राज़ी वह नाराज़ तो अल्लाह हरगिज़ राज़ी न होगा।

लोग इलज़ाम देते हैं कि अपनी दुकानें चमकाने के

लिए यह सब इख़्तेलाफ़ात खड़े किए गए हैं, ख़ूब सोच समझ कर देखो कि फ़ितना कहाँ से शुरू हुआ और किसने शुरू किया और आज भी अल्लाह और रसूल की शान में ये लोग गुस्ताख़ी कर रहे हैं बल्कि आज भी वही गन्दी किताबें छप रही हैं जब चाहो बाज़ार से जाकर ख़रीद कर देख लो और फिर फ़ैसला करो कि मेरा इस किताब के लिखने का मक़सद क्या है। एक बात यह भी कहना है कि हम सुन्नी बराबर इस बात को कहते हैं कि वहाबियों से दूर रहो, ठीक इसी तरह अगर हम वहाबियों की नज़र में शिर्क करने वाले क़ब्रों को पूजने वाले हैं तो यह हमसे दूर रहने का ऐलान साफ़ साफ़ क्यूँ नहीं करते हमसे क्यूँ मिले रहना चाहते हैं क्या इसका यह मतलब नहीं कि यह हमसे मिल कर हमारे ईमान की फ़िक्र में हैं।

<u>इस किताब में वहाबियों देवबन्दियों की किताबों से उन कुफ़्री इबारतों की फ़ोटो कापी पेश की गई जिन बातों का अस्ल झगड़ा है और जिनकी वजह से ये मुरतद हुए।</u>

ग़ौर कीजिए अगर सुन्नी झूटे हैं और ये फ़ोटो कापी झूटी हैं तो क्या बाज़ार में आज भी बिक रही इनकी यही किताबें इस बात का सुबूत नहीं कि सुन्नी सच्चे और यह वही मक्कार फ़िरक़ा है जिससे हमारे आक़ा ने बचने का हुक्म फ़रमाया वह इसी लिए कि ये कहीं हमें गुमराह न कर दें ईमान से न फेर दें। ये तो इस किताब में चन्द फ़ोटो कापी हैं वर्ना इनके अक़ाइद तो इससे भी ज़्यादा बुरे हैं, ज़्यादा तफ़सील के लिए सुन्नियों की दूसरी किताबों को पढ़ें और हक़ीक़त को जानें।

बहरहाल इतने सुबूत पेश करने के बाद भी फ़ैसला आप पर ही छोड़ा है। अल्लाह पाक अपने हबीब के सदक़े में हमे और आपको सुन्नी सही -उल- अक़ीदा रखे और सीधा सच्चा मुसलमान बनाए और फ़ितनए वहाबियत से बचाए।

मुहम्मद अहमद

2मुहर्रम 1420

بسم الله الرحمٰن الرحيم

نحمده و نصلي علىٰ رسوله الكريم

तुम्हारा रब अज़्ज़ावजल्ला फ़रमाता है

إِنَّآ أَرْسَلْنٰكَ شَاهِدًا وَّمُبَشِّرًا وَّنَذِيرًا ۝ لِّتُؤْمِنُوا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَتُعَزِّرُوْهُ

وَتُوَقِّرُوْهُ وَتُسَبِّحُوْهُ بُكْرَةً وَّأَصِيْلًا ۝ (سوره الفتح)

<u>तर्जमा</u> : ऐ नबी! बेशक हमने तुम्हें भेजा गवाह और ख़ुशख़बरी देता और डर सुनाता ताकि ऐ लोगों तुम अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान लाओ और रसूल की ताज़ीम व तौक़ीर करो और सुबह व शाम अल्लाह की पाकी बोलो।

मुसलमानों देखो दीने इसलाम भेजने .क़ुरआन मजीद उतारने का मक़सूद ही तुम्हारा मौला तबारक व तआला तीन बातें बताता है।

1. यह कि लोग अल्लाह व रसूल पर ईमान लायें।
2. यह कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ताज़ीम करें।
3. यह कि अल्लाह तबारक व तआला की इबादत में रहें।

मुसलमानों इन तीनों जलील (बड़ी) बातों की जमील (ख़ूबसूरत) तरतीब तो देखो सबसे पहले ईमान को फ़रमाया और सबसे पीछे अपनी इबादत को और बीच में अपने प्यारे हबीब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की ताज़ीम को इसलिये कि बग़ैर ईमान ताज़ीम कारामद नहीं ---- बहुतेरे नसारा (ईसाई) हैं कि नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि

वसल्लम की ताज़ीम व तकरीम में तसनीफ़ें कर चुके (यानी किताबें लिख चुके, नातें लिख चुके), लेक्चर दे चुके मगर जबकि ईमान न लाये कुछ मुफ़ीद (फ़ायदेमन्द) नहीं कि यह ज़ाहिरी ताज़ीम हुई दिल में हुज़ूर-ए-अक़दस स़ल्ललल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की सच्ची अज़मत होती तो ज़रूर ईमान लाते फिर जब तक नबीए करीम स़ल्ललल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की सच्ची ताज़ीम न हो उम्र भर इबादते इलाही में गुज़ारे सब बेकार व मरदूद है। बहुतेरे जोगी और राहिब दुनिया को तर्क करके अपने तौर पर ज़िक्र व इबादते इलाही में उम्र काट देते हैं बल्कि उनमें बहुत से वह हैं कि "लाइलाहा इल्लल्लाह" का ज़िक्र सीखते हैं और ज़रबे लगाते हैं मगर यह कि मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्ललल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की ताज़ीम नहीं तो क्या फ़ायदा असलन क़ाबिले .कबूल बारगाहे इलाही नहीं यानी अल्लाह तआ़ला की बारगाह में ऐसी इबादत क़बूल नहीं होती। अल्लाह अज़्ज़ावज़ल्ला ऐसों ही को फ़रमाता है।

وَقَدِمْنَآ اِلٰى مَا عَمِلُوْا مِنْ عَمَلٍ فَجَعَلْنٰهُ هَبَآءً مَّنْثُوْرًا ۝

<u>तर्जमा</u> : जो कुछ आमाल उन्होंने किए हमने सब बरबाद कर दिये। ऐसों ही को फ़रमाता है कि

عَامِلَةٌ نَّاصِبَةٌ تَصْلٰى نَارًا حَامِيَةً ۝

<u>तर्जमा</u> : अमल करें मशक्क़तें भरें और बदला क्या होगा यह कि भड़कती आग मे पैठेंगे। (वल अयाज़ु बिल्लाहि तआ़ला)

मुसलमानों कहो कि मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्ललल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की ताज़ीम मदारे ईमान व मदारे नजात व मदार .कुबूले आमाल हुई या नहीं --- कहो हुई और .जुरूर हुई। मुसलमानों अपने रब का एक और इरशाद ध्यान रखो।

तुम्हारा रब अज़्ज़ावजल्ला फ़रमाता है

اِنَّ الَّذِیْنَ کَفَرُوْا وَصَدُّوْا عَنْ سَبِیْلِ اللّٰہِ ثُمَّ مَاتُوْا وَھُمْ

کُفَّارٌ فَلَنْ یَّغْفِرَ اللّٰہُ لَھُمْ ۝ (سورہ محمد)

__तर्जमा__ : बेशक जिन्होंने कुफ़्र किया और अल्लाह की राह से रोका फिर काफ़िर ही मर गए तो अल्लाह हर्गिज़ उन्हें न बख़्शेगा। (सूरए मुहम्मद)

अल्लाह और उसके हबीब सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के रहम–ओ–करम से जिसे ईमान की दौलत नसीब हुई वह दुनिया के उन ख़ुश-नसीबों में से है जिसे अशरफ़ुल मख़लूक़ात यानी अल्लाह तआला की मख़लूक़ में सबसे अफ़ज़ल कहा गया है और यह सदक़ा है मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का। ईमान शर्त है नेक आमाल के .कबूल होने की, ईमान शर्त है नमाज़ों के .कबूल होने की, रोज़े के मक़बूल होने की हज व ज़कात .कुबूल होने की। जिनके पास ईमान नहीं उनके नेक अमल बेकार हैं वह सारी ज़िन्दगी भी सजदे में रहें तो उनके कुछ काम न आएगा। ईमान वाला गुनाहगार भी सय्यदे आलम (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम) की शफ़ाअत और करम से और उनके सदक़े में एक न एक दिन जन्नत में ज़ुरूर जाएगा। ईमान वालों के लिए ही हमेशगी है जन्नत में। ईमान वालों के लिए .कुरआन है, ईमान वालों को अल्लाह पाक ने .कुरआन में जगह–2 " ऐ ईमान वालों " कहकर नेक अमल करने के लिये इर्शाद फ़रमाया है। ईमान वालों ही के लिये जन्नत की ख़ुशख़बरी है दोज़ख़ से नजात है बिना ईमान के नेक अमल मक़बूल नहीं हैं।

ईमान वाला अशरफुल्मख़लूक़ात है तो बेईमान सबसे बदतरीन मख़लूक़ है, बेईमान जानवरों से भी बदतर है। बेईमान हमेशा जहन्नम में रहेगें ख़्वाह कैसे भी नेक आमाल किये हों। ईमान जन्नत में जाने की पहली और ज़रूरी सीढ़ी है। बेईमान जन्नत की ख़ुशबू भी न पा सकेगा। ईमान वालों के लिये सबसे बड़ी नेमत अपने प्यारे रब का दीदार है। यहाँ एक बात बहुत ज़्यादा ध्यान देने की है कि अगर इन्सान से एक बात भी कुफ़्र की हो हो जाती है तो उसके हाथ से ईमान निकल जाता है ऐसी हालत में फ़ौरन उस बात से तौबा करके कलिमा-ए-तय्यबा "लाइलाहा इल्ललल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह" कहकर फिर ईमान में दाख़िल हो जाना चाहिये।

आम मुसलमान यह जानता है, नहीं जानता तो जान ले कि अल्लाह तआला ने इन्सान को अपनी इबादत के लिये पैदा फ़रमाया है और वह उसका इम्तहान भी लेगा और इम्तहान में बड़े से बड़े गुनाह को अगर चाहेगा तो माफ़ फ़रमा देगा मगर कुफ़्र व शिर्क को न बख़्शेगा और काफ़िर हमेशा जहन्नम में रहेंगे। लिहाज़ा ईमान पर रहना उसे बचाये रखना सारी ज़रूरतों में सबसे अहम है। इबादतें ईमान वालों ही की .क़ुबूल है नाकि बेईमान की।

याद रखिये दुनिया में दो क़िस्म के लोग हैं मुसलमान (यानी ईमान वाले) और काफ़िर, बीच वाले कोई नहीं --- सिर्फ एक कुफ़्र इन्सान को काफ़िर बना देता है --- अगर कोई शख़्स हज़ारों काम नेकी के करता है और किसी एक कुफ़्र पर क़ायम रहता है और यूंही बिना तौबा के मर जाता है तो वह क़यामत में काफ़िर उठेगा और हमेशा हमेशा के लिये दोज़ख़ में रहेगा।

यहाँ कहना यह है कि सब कुछ चला जाय मगर किसी भी क़ीमत पर ईमान हर्गिज़-हर्गिज़ न जाय, कोई भी

बात ऐसी न हो कि आदमी इसलाम के दायरे से बाहर हो जाए, अगर कोई भी बात ऐसी मुँह से निकल जाए या हो जाय तो फ़ौरन जल्द से जल्द तौबा करके कलिमा पढ़कर फिर से दायरए इसलाम में दाख़िल हो जाना चाहिए।

तुम्हारा रब अज़्ज़ावजल्ला फ़रमाता है

لَيْسَ الْبِرَّ اَنْ تُوَلُّوا وُجُوْهَكُمْ قِبَلَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ وَلٰكِنَّ الْبِرَّ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ
وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالْكِتَابِ وَالنَّبِيِّيْنَ ۝ (سورہ البقر)

तर्जमा : असल नेकी यह नहीं कि अपना मुँह नमाज़ में पूरब या पश्चिम को करो बल्कि असल नेकी यह है कि आदमी ईमान लाए अल्लाह और क़यामत और फ़रिशतों और .कुरआन और तमाम अम्बिया पर।

देखो साफ़ फ़रमा दिया कि .ज़ुरूरयात-ए-दीन पर ईमान लाना ही अस्ल काम है बग़ैर उस के नमाज़ में क़िब्ले को मुँह करना कोई चीज़ नहीं।

ज़रा ग़ौर करो मुसलमानों सुबह से शाम तक तुम कितनी नेकियाँ करते हो और कितने गुनाह। क्या तुम्हारी नेकियाँ गुनाहों से ज़्यादा हैं अगर हाँ तो तुम उन ख़ुशनसीबों में से हो जो जन्नती हैं मगर सोचो कि क्या तुम्हारी नेकियाँ अल्लाह तआला की बारगाह में क़बूल भी हैं या नहीं। तुम्हारा जवाब यही होगा कि अल्लाह बेहतर जाने। लेकिन सोचो कि तुम नेकियाँ तो कर रहे हो मगर कोई बात तुम से ऐसी हो रही है या हो गई जिससे तुम्हारा ईमान चला गया या चला जाएगा तो अल्लाह और उसके रसूल का हुक्म यही है कि तुम्हारा कोई अमल क़बूल नहीं यानी अगर तुम्हारे पास ईमान नहीं तो तुम्हारी सारी इबादत बेकार। ----- यूँही ग़ौर करो कि तुम्हारे गुनाह नेकियों से ज़्यादा हैं मगर तुम्हारा ईमान

महफ़ूज़ है तो क़सम ख़ुदा की उस शफ़ाअत करने वाले के सदक़े में उसकी शफ़ाअत उसकी सिफ़ारिश से तुम एक न एक दिन जन्नत में .ज़ुरूर जाओगे बल्कि अल्लाह तआला का फ़रमान है कि तमाम नबियों की उम्मत पर जन्नत हराम है जब तक मेरे महबूब की उम्मत जन्नत में दाख़िल न हो जाए यानी जन्नत में सबसे पहले जा रहे हो, ज़रा सोचो बल्कि ग़ौर से सोचो कि यह किसके सदक़े में है तो जवाब वही है मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्ल्म) के सदक़े में। वह मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्ल्म) जो रातों को अपनी उम्मत के लिए रोते थे --- वह मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्ल्म) जो तुम्हें इतना चाहते हैं जितना तुम अपने आपको भी नहीं चाहते --- वह मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्ल्म) जो जो तुम्हारे गुनाह की माफ़ी मांगते हैं जबकि तुम माफ़ी मांगना भूल जाते हो मगर याद रखो यह महब्बत ईमान वालों के लिए है बेईमानों के लिए नहीं।

तमाम ही इन्सान सोचें कि एक वक़्त वह था कि इन्सान का वजूद न था। अल्लाह तआला ने अपने करम से इन्सान को पैदा फ़रमाया और अब जब इन्सान पैदा हो चुका तो इसके वजूद को फ़ना नहीं यानी दुनिया से जाने के बाद भी वजूद इन्सान का बाक़ी रहेगा --- वह कहाँ होगा यह उसके ईमान और आमाल पर मुन्हसिर है यानी अगर ईमान वाला है तो एक न एक दिन जन्नत .ज़ुरूर मिलेगी, आमाल अच्छे हैं तो जन्नत मिलेगी मगर अगर ईमान नहीं तो दोज़ख़ और सिर्फ़ दोज़ख़ ही ठिकाना है। गुनाहगार तो अल्लाह के फ़ज़्ल और सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के सदक़े में कभी न कभी जन्नत में .ज़ुरूर जायेंगे मगर बेईमान हमेशा दोज़ख़ का ईधन बने रहेंगे।

फ़िरक़ों और फ़ितनों के बारे में हुज़ूर की पेशगोईयाँ

ईमान की अहमियत मुसलमान जानता और समझता है और ऊपर लिखे जुमलों से और ज़्यादा रौशन हो जाता है कि ईमान हर चीज़ से ज़्यादा क़ीमती और अज़ीज़ है। अब यहाँ कुछ हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इर्शादात पेश हैं ताकि आप दौरे हाज़िरा में फैले वहाबियत के फ़ितने को समझें और फिर चाहें तो तहक़ीक़ करें और इससे बचें क्योंकि ईमान की सलामती के लिये इनसे बचना बेहद .ज़ुरूरी है क्यूँकि अल्लाह तआ़ला फ़रमाता है कि यह काफ़िर और मुनाफ़िक़ तुम्हारा ईमान लेने की फ़िक्र में रहते हैं। अब पढ़िए कि हमारे आक़ा ने हमें पहले ही बता दिया कि फ़ितने और फ़िरक़े कब और कैसे ज़ाहिर होंगे ताकि हम उनको पहचान लें और हुज़ूर के फ़रमान के मुताबिक़ इन फ़ितनों से बचें :-

1. हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि यह मेरी उम्मत तिहत्तर फ़िरक़े हो जाएगी। एक फ़िरक़ा जन्नती होगा बाक़ी सब जहन्नमी होंगे। तो हुज़ूर से सहाबा ने पूछा कि या रसूलल्लाह वह कौन लोग हैं जो जन्नती हैं। हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने जवाब देते हुये इरशाद फ़रमाया कि वह जिस पर मैं और मेरे सहाबा हैं यानी सुन्नत के पैरौ हैं।

एक दूसरी रिवायत में यह भी है कि हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वह जमाअत है यानी मुसलमानों का बड़ा गिरोह जिसे सवाद-ए-आज़म कहा गया है और हुज़ूर ने यह भी फ़रमाया कि जो इस जमाअत से अलग हुआ वह जहन्नम में। इसीलिये इस जन्नती और नजात पाने वाले फ़िरक़े का नाम अहले सुन्नत व जमाअत हुआ।

2. बुख़ारी शरीफ़, मुस्लिम शरीफ़ और मिशकात शरीफ़ की कुछ हदीसों का ख़ुलासा इस तरह है कि .कुर्बे क़यामत तीस दज्जाल पैदा होगें जो नुबुव्वत का दावा करेंगे --- दीन में फ़ितने बरपा होगें मेरी उम्मत तेहत्तर (73) फ़िरक़ों में बट जाएगी --- .कुरआन व हदीस की मनमानी तफ़सीरें होंगी --- लोग अच्छों को बुरा कहेंगे पिछलों पर लानत करेंगे --- सुन्नत को बिदअत समझा जाएगा। --- हलाल को हराम कहा जाएगा --- अच्छे बुरों को हलाल व हराम की तमीज़ ख़त्म हो जाएगी --- लोग सुबह इसलाम पर करेंगे और कुफ़्र पर शाम --- चटाई के तिनके और तस्बीह के दानों की तरह पै दर पै फ़ितनों की बारिश होगी, कोई इसमें नहाएगा कोई भीगेगा किसी को सीलन पहुँचेगी ग़र्ज़ कोई भी इन फ़ितनों से न बचेगा।

3. हज़रत अबदुल्लाह इब्ने उमर रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हुमा से हज़रत इमाम बुख़ारी ने यह हदीस नक़ल की है कि एक दिन हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने शाम और यमन के लिए दुआ फ़रमाई जिसके अलफ़ाज़ यह हैं :-

"ख़ुदावन्दा हमारे शाम और यमन में बरकत नाज़िल फ़रमा"

(दुआ करते वक्त नज्द के कुछ लोग बैठे हुये थे) उन्होने अर्ज़ किया और हमारे नज्द में या रसूलल्लाह!

इस पर हुज़ूर ने इर्शाद फ़रमाया "ख़ुदावन्दा हमारे शाम और यमन में बरकत नाज़िल फ़रमा" --- फिर दुबारा नज्द के लोगों ने अर्ज़ किया और हमारे नज्द में या रसूलल्लाह! रावी (रिवायत बयान करने वाला) का बयान है कि तीसरी मरतबा में हुज़ूर ने फ़रमाया वह ज़लज़लों और फ़ितनों की जगह है और वहाँ से शैतान की सींघ निकलेगी।"

(बुख़ारी शरीफ़)

4. अल्लामा दहलान रहमतुल्लाहि तआ़ला अलैह अपनी किताब अद्दुररुस्सुन्नीय्या में फ़रमाते हैं कि हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया :-

"कुछ लोग मशरिक़ की सम्त से ज़ाहिर होंगे जो .कुरआन पढ़ेंगे, लेकिन .कुरआन उनके हलक़ के नीचे नहीं उतरेगा। जब उनका एक गिरोह ख़त्म हो जाएगा तो वहीं से दूसरा जन्म लेगा यहाँ तक कि उनका आख़री दस्ता दज्जाल के साथ उठेगा।"

5. मिशकात शरीफ़ में हज़रते अबू सईद ख़ुदरी रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से मनक़ूल है :-

वह कहते हैं कि हम लोग हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर थे और हुज़ूर माले ग़नीमत तक़सीम फ़रमा रहे थे कि "ज़ुल्ख़वेसिरा" नाम का एक शख़्स जो क़बीला बनी तमीम का रहने वाला था आया और कहा ऐ अल्लाह के रसूल इन्साफ़ से काम लो। हुज़ूर ने फ़रमाया "अफ़सोस तेरी जसारत (जुर्रत, हिम्मत) पर मैं ही इन्साफ़ नहीं करूँगा तो और कौन इन्साफ़ करने वाला है। अगर मैं इंन्साफ़ नहीं करता तो तू ख़ाएब व ख़ासिर (तहस-नहस) हो चुका होता।" हज़रते उमर से जब नहीं रहा गया तो उन्होंने अर्ज़ किया कि हुज़ूर मुझे इजाज़त दीजिए मैं इसकी गर्दन मार दूँ। हुज़ूर ने फ़रमाया इसे छोड़ दो यह अकेला नहीं है इसके बहुत से साथी हैं जिनकी नमाज़ों और रोज़ों को देखकर तुम अपनी नमाज़ों और रोज़ों को हक़ीर समझोगे, वह .कुरआन पढ़ेंगें लेकिन .कुरआन उनके हलक़ से नीचे नहीं उतरेगा। यानी इन सारी ज़ाहिरी ख़ूबियों के बाव्वजूद वह दीन से ऐसे निकल जाएगें जैसे तीर से शिकार निकल जाता है। (मिशकात शरीफ़ व बुख़ारी शरीफ़)

6. यही वाक़या दूसरे सिलसिलए रवायत में मरवी है जिनके

अलफ़ाज़ यह हैं एक शख़्स आया जिसकी आखें धंसी हुई थीं, पेशानी उभरी हुई थी, दाढ़ी घनी थी, दोनों गाल फूले हुये थे और सर मुंडा हुआ था। उसने ज़बाने तान दराज़ की ऐ मुहम्मद अल्लाह से डरो। हुज़ूर ने फ़रमाया मैं ही नाफ़रमान हो जाऊँगा तो अल्लाह की फ़रमाबरदारी कौन करेगा, अल्लाह ने तो मुझे ज़मीन वालों पर अमीन बनाया है लेकिन तुम मुझे अमीन नहीं समझते। इसी दरम्यान में एक साहबी ने उसे क़त्ल की इजाज़त चाही, हुज़ूर ने उन्हें रोक दिया। जब वह शख़्स चला गया तो फ़रमाया कि इसकी नस्ल से एक जमाअत पैदा होगी जो .कुरआन पढ़ेगी लेकिन .कुरआन उसके हलक़ के नीचे नहीं उतरेगा। वह दीन से ऐसे निकल जाएंगे जैसे तीर शिकार से निकल जाता है। वह मुसलमानों को क़त्ल करेंगे और बुतपरस्तों को छोड़ देंगे।

7. यही वाक़्या हज़रत शुरैक इब्ने शिहाब रदि़यल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से भी मनक़ूल है। इसमें उन्होंने इस गुस्ताख़ शख़्स से मुताल्लिक़ सरकारे मआब का यह इरशाद नक़ल किया है :-

"फिर हुज़ूर ने फ़रमाया आख़री ज़माने में एक गिरोह निकलेगा गोया यह शख़्स इसी गिरोह का एक फ़र्द है। .कुरआन पढ़ेंगे लेकिन .कुरआन उनके हलक़ के नीचे नहीं उतरेगा। वह इसलाम से ऐसे निकल जाऐंगे जैसे तीर शिकार से। उनकी ख़ास पहचान सिर मुंडाना है। वह हमेशा गिरोह दर गिरोह निकलते रहेंगें यहाँ तक कि उनका आख़री दस्ता मसीह दज्जाल के साथ निकलेगा। जब तुम उनसे मिलोगे तो उन्हें अपनी तबीअत व सरिश्त के लिहाज़ से बदतरीन पाओगे। (मसीह के दो माअना हैं एक माअना बहुत ज़्यादा सय्याह यानी सफ़र करने वाला और यह हज़रत ईसा अ़लैहिस्सलाम की सिफ़्त है। दूसरा माअना है वह जिसकी आँख न हो दोनों या एक यह दज्जाल की सिफ़्त है वह एक आँख का काना होगा।)

8. हज़रत अबू सईद ख़ुदरी और हज़रते अनस इब्ने मालिक रदि़यल्लाहु तआ़ला अन्हुम से मिशकात शरीफ़ में यह हदीस नक़ल है हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि मेरी उम्मत में इख़्तेलाफ़ व तफ़रीक़ का वाक़ेए होना मुक़द्दर हो चुका है पस इस सिलसिले में एक गिरोह निकलेगा जिसकी बातें बज़ाहिर दिलफ़रेब ख़ुशनुमा होगीं लेकिन किरदार गुमराहकुन और ख़राब होगा, वह .कुरआन पढ़ेंगे लेकिन .कुरआन उनके हलक़ से नीचे नहीं उतरेगा वह दीन से ऐसे निकल जाएंगें जैसे तीर शिकार से निकल जाता है फिर दीन की तरफ़ लौटना उन्हें नसीब न होगा यहाँ तक कि तीर अपने कमान की तरफ़ लौट आए। हदीस की मुराद यह है कि उनका दीन की तरफ़ लौटना मुहाल है जैसे तीर का लौटना मुहाल है वह अपनी तबीयत व सरिश्त के लिहाज़ से बदतरीन मख़लूक़ होंगें। वह लोगों को .कुरआन और दीन की तरफ़ बुलाएंगे हांलाकि दीन से उनका कोई तअल्लुक़ न होगा जो उनसे जंग करेगा वह ख़ुदा का मुक़र्रबतरीन बन्दा होगा। सहाबा ने फ़रमाया उनकी ख़ास पहचान क्या होगी या रसूलल्लाह! फ़रमाया सर मुंडाना।

9. इस हदीस की ख़ुसूसियत यह है कि अस्ल हदीस बयान करने से पहले हदीस के रावी हज़रते अली रदि़यल्लाहु तआ़ला अन्हु ने फ़रमाया कि क़सम ख़ुदा की आसमान से ज़मीन पर गिर पड़ना मेरे लिए आसान है लेकिन हुज़ूर की तरफ़ कोई झूठी बात मनसूब करना बहुत मुश्किल है। इसके बाद अस्ल हदीस का सिलसिला यूँ शुरु होता है फ़रमाते हैं :-

"मैंने हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम को यह फ़रमाते सुना कि आख़िर ज़माने में नौ उम्र और कम समझ लोगों की एक जमाअत निकलेगी, बातें वह बज़ाहिर अच्छी करेंगे लेकिन ईमान उनके हलक़ के नीचे नहीं उतरेगा

वह दीन से ऐसे निकल जाऐंगे जैसे तीर से शिकार निकल जाता है।"

इस हदीस में उम्मत से उम्मते दावत मुराद है यानी वो लोग मुराद हैं जिनको ईमान और अहकामे इस्लाम की दावत देने के लिए हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को भेजा गया। इस मअना में काफ़िर भी दाख़िल हैं। दूसरा मअना उम्मते इजाबत यानी जो हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर ईमान लाए और उनकी बात दिल से क़बूल की इसमें ग़ैर मुस्लिम दाख़िल नहीं।

10. हज़रत अबू नईम ने हिलया में अबू उमामा बाहली रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से नक़ल किया है कि हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया :-

"आख़िर ज़माने में क़ीड़े-मकोड़े की तरह हर तरफ़ 'मुल्लाने' फूट पड़ेंगें। बस तुममें से जो शख़्स वह ज़माना पाए तो उसे चाहिए कि वह उनसे ख़ुदा की पनाह मांगे।

इसी के साथ यह हदीस भी पढ़ लीजिए जो मिशकात शरीफ़ में हज़रत हसन बसरी रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से मरवी है :

हुज़ूरे अनवर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया "लोग अपनी मस्जिदों में दुनिया की बातें करेंगें। जब ऐसा ज़माना आ जाय तो तुम उनके साथ मत बैठना! अल्लाह ऐसे लोगों से बे-परवाह है" (मिशकात शरीफ़)

11. मोहद्दिसे कबीर इमाम अबू याला ने हज़रत इब्ने मालिक रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से इस हदीस की तख़रीज फ़रमाई साहिबे इबरीज़ ने अपनी इस किताब में नक़ल किया है।

"हज़रते अनस बयान करते हैं कि मदीने में एक बड़ा ही आबिद व ज़ाहिद नौजवान था। हमने एक दिन हुज़ूर से उसका तज़करा किया, हुज़ूर उसे नहीं पहचान सके फिर उसके औसाफ़ बयान किये जब भी हुज़ूर उसे नहीं पहचान सके यहाँ

तक कि एक दिन वह अचानक सामने आ गया जैसे ही उस पर नज़र पड़ी, हमने ख़बर दी हुज़ूर यह वही नौजवान है। हुज़ूर ने उसकी तरफ़ देखकर यह इरशाद फ़रमाया इसके चेहरे पर मैं शैतान की ख़ारिश के धब्बे देखता हूँ। इतने में वह हुज़ूर के क़रीब आया और सलाम किया। हुज़ूर ने उससे मुख़ातिब होकर फ़रमाया क्या यह बात नहीं है कि तू अभी अपने दिल में सोच रहा था कि तुझसे बेहतर यहाँ कोई नहीं है। उसने जवाब दिया, हाँ। इसके बाद वह मस्जिद के अन्दर दाख़िल हुआ। हुज़ूर ने आवाज़ दी कि कौन इसे क़त्ल करता है। हज़रते अबूबक्र ने जवाब दिया मैं। जब इस इरादे से मस्जिद के अन्दर गये तो उसे नमाज़ पढ़ता देखकर वापस लौट आए और अपने दिल में ख़्याल किया कि एक नमाज़ी को कैसे क़त्ल करूँ जबकि हुज़ूर ने नमाज़ी के क़त्ल से मना किया है। फिर हुज़ूर ने अवाज़ दी कौन इसे क़त्ल करता है। हज़रते उमर ने जवाब दिया मैं। जब वह मस्जिद के अन्दर गये तो उस वक़्त नौजवान सजदे की हालत में था। वह भी उसे नमाज़ पढ़ता देखकर हज़रते अबूबक्र की तरह लौट आए। फिर हुज़ूर ने आवाज़ दी कौन इसे क़त्ल करता है। हज़रते अली ने जवाब दिया मैं। हुज़ूर ने फ़रमाया तुम इसे ज़रूर क़त्ल कर दोगे बशर्ते कि वह तुम्हें मिले। लेकिन जब हज़रते अली मस्जिद में दाख़िल हुये तो वह जा चुका था। हुज़ूर ने इरशाद फ़रमाया अगर तुम इसे क़त्ल कर देते तो मेरी उम्मत के जुमला फ़ितना-परदाज़ो में से यह पहला और आख़री शख़्स होता, मेरी उम्मत के दो अफ़राद भी आपस में नहीं लड़ते। (अबरेज़ शरीफ़)

गैब की ख़बरें देने वाले हमारे नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की इन मुबारक हदीसों से साफ़ तौर पर यह ख़बरें पहले ही दे दी गईं कि इस उम्मत का 73 फ़िरक़ों में

बंटना मुक़द्दर हो चुका है। (जिसमें सिर्फ़ एक फ़िरक़ा हक़ पर होगा) ---- सुन्नत को बिदअत कहा जाएगा ---- हलाल को हराम कहा जाएगा ---- लोग सुबह इसलाम पर कुफ़्र पर शाम करेंगे ---- बे-पनाह फ़ितने बरसेंगे कोई फ़ितनों से बच न पाएगा ----- नज्द से फ़ितना उठेगा ------ ऐसे लोग ज़ाहिर होगें जो बज़ाहिर नमाज़ी, रोज़ा रखने वाले, .कुरआन पढ़ने वाले, दीन की तरफ़ बुलाने वाले होंगे मगर उनके पास ईमान न होगा और यह भी कि ऐसे लोगों की इबादत के आगे तुम अपनी इबादत को हक़ीर जानोगे ------- आख़िर ज़माने में मुल्लाने कीड़े-मकोड़े की तरह निकलेंगे और इनका आख़री दस्ता दज्जाल के साथ निकलेगा।

अब ऐ मुसलमानों ख़ूब ग़ौर करके देखो इन हदीसों की रोशनी में कि वह जन्नती फ़िरक़ा कौन सा है जिस पर हमें और आपको क़ायम रहना है और वह 72 फ़िरक़े कौन हैं जिनसे दूर रहना है चूंकि ईमान की सलामती के लिये यह ज़ुरूरी और बहुत ज़्यादा ज़ुरूरी क्योंकि अगर तुम किसी ऐसे के बहकावे में आ गए जो बातिलों में से है तो तुम्हारा नमाज़, रोज़ा, हज, ज़कात और तमाम नेक आमाल बेकार हो जाएंगे चूंकि आमाल की मक़बूलियत ईमान पर मुनहसिर है। होशयार इन दिखावे की इबादत वालों के बहकावे में न आना यह ईमान के दुश्मन तुम्हारा ईमान लेने की फ़िक्र में हैं एक यही वह दौलत है जिस पर तुम जितना नाज़ करो कम है, तुम्हारा यह ख़ज़ाना ये फ़िरक़े बहरूपये बन कर छीनने आये हैं। ये तुम्हें अपना दोस्त ज़ाहिर करके नेकी की तरफ़ बुलायेंगे, इसलिए इनको पहचानना बहुत .ज़ुरूरी है क्यूँकि तुम इनके बहकावे में आ सकते हो क्यूँकि भोले मुसलमान को हमेशा धोके और मक्कारी से हराया गया है।

जैसा कि सय्यदे आलम ग़ैब की ख़बर देने वाले नबी सल्लल्लाहु तआला अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया था उसके मुताबिक़ होता गया और होता रहा है और सब आगे होगा क्यूँकि हमारा नबी सच्चा उसका फ़रमान सच्चा। इन बातिल फ़िरक़ों में कुछ हिन्दुस्तान से बाहर पैदा हुए और वहीं खत्म हो गए, कुछ हिन्दुस्तान और उसके बाहर पाए जाते हैं जैसे : राफ़ज़ी, वहाबी, ग़ैर मुक़ल्लदीन (जो अपने आपको अहले हदीस कहते हैं) नैचरी, चिकड़ालवी, जमाअते इसलामी (मौदूदी जमात वाले), क़ादयानी वग़ैरह वग़ैरह।

और इन सब में सबसे ज़्यादा ख़तरनाक, ख़बीस, मक्कार और फ़रेबी फ़िरक़ा फ़ितना-ए-वहाबीयत है और ज़्यादातर फ़िरक़ों की शाख़ें इसी से जाकर मिलती है और इनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि ये अपनी किताबों में अल्लाह और उसके हबीब की शान में गालियाँ बकते हैं तौहीन करते हैं और पेश की गई हदीसों के मुताबिक़ एकदम फ़िट बैठते हैं। इस छोटी सी किताब के ज़रिए मैं आपको इसी फ़िरक़े से होशियार करना चाहता हूँ।

अल्लाह व रसूल हमें और आपको अपनी पनाह में रखे और इन ख़बीसों से बचाए। इस फ़िरक़ा-ए-वहाबीया की मुख़्तसर तारीख़ कुछ इस तरह हुई है :-

तारीख़-ए-वहाबियत

इस बेदीन वहाबी फ़िरक़े की इब्तिदा इबलीस लईन से है कि अल्लाह अज़्ज़ावजल्ला ने सय्येदिना आदम अ़लैहिस्सलाम की ताज़ीम का हुक्म दिया और मलऊन ने न माना और ज़मानए इसलाम में इसका हादी ज़ुलख़्वेसरा तमीमी हुआ जिसने हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अ़लैहि वसल्लम की शान में तौहीनी कलमा कहा और उसके बाद पूरा गिरोह ख़्वारिज का

उस तरीक़े पर चला जिनको अमीरुल मोमनीन मौला अली ने क़त्ल फ़रमाया लोगों ने कहा हम्द अल्लाह को जिसने उन की नजासतों से ज़मीन को पाक किया। अमीरुल मोमनीन ने फ़रमाया यह मुनक़ता नहीं हुए अभी उनमें के माओं के पेटों में हैं, बापों की पीठों में हैं जब इनमें की एक सगंत काट दी जाएगी दूसरी सर उठाएगी, यहाँ तक कि इनका पिछला गिरोह दज्जाल के साथ निकलेगा।

इस हदीस के मुताबिक़ यह लोग नए-2 नाम से ज़ाहिर होते रहे यहाँ तक कि बारहवीं सदी के आख़िर में इब्ने अब्दुल वहाब नजदी इस गिरोह का सरग़ना हुआ।

यह फ़ितना बारह सौ नौ हिजरी (1209) में शुरु हुआ इस मज़हब का गुरु घटांल अब्दुल वहाब नजदी का बेटा मोहम्मद था। उसने तमाम अरब और ख़ास कर हरमैन शरीफ़ैन में बहुत ज़्यादा फ़ितने फैलाए। आलिमों को क़त्ल किया। सहाबा, इमामों, आलिमों और शहीदों की क़ब्रें खोद डालीं। हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के रौज़े का नाम सनमे अकबर (बड़ा बुत) रखा था। अल्लामा शामी रहमतुल्लाहि तआला अलैह ने उसे ख़ारजी बताया।

उस अबदुल वहाब के बेटे ने एक किताब लिखी जिसका नाम "किताबुत्तौहीद" रखा उसका तर्जमा हिन्दुस्तान, में मौ. इसमाईल देहलवी ने किया जिसका नाम "तक़वीयतुल ईमान" रखा और हिन्दुस्तान में वहाबियत इसी ने फैलाई। इन वहाबीयों का एक बहुत बड़ा अक़ीदा यह है कि जो उनके मज़हब पर न हो वह काफ़िर है, मुशरिक है। यही वजह है कि बात-2 पर बिला वजह मुसलमानों पर कुफ़्र और शिर्क का हुक्म लगाते और तमाम दुनिया को मुशरिक बताते हैं।

आजकल तरह तरह के नाम से वहाबियों की शाख़ें पैदा हो चुकी हैं जिनका ज़िक्र आगे आता है।

तारीख़ रद्दे वहाबीयत

जब मोहम्मद बिन अब्दुल वहाब नजदी ने मज़हब-ए-वहाबियत (हि. 1209) की शुरूआत की तो उस दौर के आलिमों ने उसका रद्द किया और उसने उन रद्द करने वालों पर तरह-2 के मज़ालिम ढाए --- और ज्यों-2 वक़्त गुज़रता रहा उलमए किराम और अवाम अपने-2 तरीक़ों से रद्द करते रहे। मगर इस काम को अन्जाम देने के लिये अल्लाह जल्ला शान्हु ने तो किसी और को ही मुक़र्रर करना था और उस हस्ती ने वह काम अन्जाम दिया जो कोई न दे सका, और आने वाली नस्लें और पूरी मिल्लते इस्लामिया उसकी एहसानमन्द है और रहेगी।

जब हिन्दुस्तान में सिराते मुस्तक़ीम, तक़्वीयतुल ईमान, हिफ़ज़ुल ईमान, बराहीन-ए-क़ातेआ, फ़तावा रशीदया, और तहज़ुरुन्नास जैसी किताबें लिखकर अल्लाह और उसके रसूल स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम को सरीह गालियाँ दी जा रही थीं और भोले मुसलमानों के ईमान पर डाके डाले जा रहे थे और इन तौहीनों को ऐन ईमान बताया जा रहा था और इस तरह इस्लाम की जड़ों को खोदा जा रहा था ऐसे वक्त में अल्लाह पाक ने एक अज़ीम हस्ती आलाहज़रत मुजद्दिद दीन -ओ- मिल्लत शाह मुहम्मद अहमद रज़ा ख़ाँ रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु को पैदा फ़रमाया जिसने अपने क़लम की तलवार से इन किताबों और इनके लिखने वालों की धज्जीयाँ बिखेर दीं और करोड़ों मुसलमानों के ईमान को बचा लिया और जिसको दुनिया ने उसे मुजद्दिद-ए-आज़म और आला हज़रत कहा जिसे अरब के उलमाओं ने सर आखों पर बिठाया, जिसने अपनी ज़िन्दगी को सिर्फ़ इसी काम के लिये वक़्फ़ कर दिया, जिसका एहसान क़यामत तक आने वाले हर मुसलमान पर होगा।

यहाँ मेरा मक़सद सरकारे आलाहज़रत की तारीफ़ करना नहीं बल्कि यह बताना है कि हिन्दुस्तान में वहाबियत के रद्द के लिये आला हज़रत ने क्या तरीक़एकार अपनाया। आला हज़रत फ़ाज़िले बरेलवी मुहम्मद अहमद रज़ा ख़ाँ रदियल्लाहु तआला अन्हु ने वह इबारतें जो क़ाबिले एतराज़ थीं (साफ़ कुफ़्र थीं) और उनके लिखने वालों के नाम लिखकर अरब के उलमाओं की बारगाह में यह इल्तिजा की कि यहाँ पर हिन्दुस्तान में फ़लाँ फ़लाँ लोग इस क़िस्म की बातें करते हैं, लिखते हैं और ऐसा अक़ीदा रखते हैं तो ऐसे लोगों के लिये शरीअत का क्या हुक्म है। अरब के 35 जलील –ओ– क़द्र आलिमों ने आला हज़रत की तारीफ़ ताईद में तक़रीज़ें लिखीं और इन पाँच लोगों पर कुफ़्र का हुक्म दिया।

1. .गुलाम अहमद क़ादयानी
2. मौ. मु. क़ासिम नानूतवी
3. मौ. रशीद अहमद गंगोही
4. मौ. ख़लील अहमद अम्बेठी
5. मौ. अशरफ़ अली थानवी

यह फ़तवा और इसका जवाब "हुसामुल हरमैन" के नाम से छपा और जो आम तौर से सुन्नी कुतुबख़ानों पर मिलता है। यह अरबी ज़ुबान में है साथ में तर्जमा उर्दू में भी है। इस छोटी सी किताब में हिन्दी तर्जमा देना मुमकिन नहीं जो हज़रात शौक़ रखते हों उसे देख सकते हैं।

तो यही वह इख़्तेलाफ़ है कि आला हज़रत पर इलज़ाम दिया जाता है कि वह मुसलमानों को काफ़िर कहते हैं जबकि अरब के उलमा ने साफ़ फ़रमा दिया कि अब इनके अक़वाल जानने के बाद इनके कुफ़्र में जो शक करे वह भी काफ़िर है।

इस वहाबी फ़िरक़े की कुछ ख़ास मुख़्तलिफ़ नाम इस तरह हैं जैसे देवबन्दी, तबलीग़ी जमाती, नदवी, जमाते इसलामी (मौदूदी जमात) ग़ैर मुक़ल्लिद वग़ैरह; यह सब ही इस्माईल देहलवी के पैरू और मुहम्मद बिन अब्दुल वहाब नजदी के नक़्शे क़दम पर हैं। अल्लाह और रसूल की तौहीन करना, बात-2 पर कुफ़्र और शिर्क का हुक्म लगाना, बाज़ हलाल बातों को हराम कहना, बाज़ सुन्नतों को बिदअत कहना और रियाकारी वगैरह इनका शेवा है।

मुख़्तलिफ़ कुफ़्री इबारतें मय अक्स

अभी तक आपको ईमान की अहमियत, फ़िरक़ों के बारे में रसूलुल्लाह (स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम) की पेशिनगोईयों और फ़िरक़ए वहाबीया का मुख़्तसर ख़ाका बताया गया। अब वह बातें लिखी जा रही हैं जिनको देखकर एक जाहिल गंवार भी यह कहेगा कि यह हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम को गाली देना और उनकी शान में बहुत बड़ी गुस्ताख़ी है और साथ ही उन कुफ़्री इबारतों की फ़ोटो स्टेट कापी भी पेश की जा रही है ताकि किसी क़िस्म के शक की कोई गुन्जाइश न रहे और अगर फिर भी आपको शक बाक़ी रहे तो वह किताब बाज़ार से लेकर इन ख़बीस इबरतों को देख सकते हैं। ये किताबें आज भी छप रहीं हैं अलबत्ता इतना .जुरूर हुआ है कि कुछ प्रकाशकों ने जब किताब नए सिरे से छापी तो पेज नम्बर आगे पीछे हो गए हैं मगर इबारतें ज्यों की त्यों मौजूद हैं।

1. मौ. इस्माईल देहलवी की किताब 'यक रोज़ा' के सफ़ा 17 और मौ. क़ासिम नानूतवी की किताब 'बराहीने क़ातेअ' के सफ़ा 6 की अन्डर लाइन इबारतों में अल्लाह तआ़ला के लिए झूट बोलने को साबित किया है यानी इनका यह अक़ीदा

है कि अल्लाह तआ़ला झूट बोल सकता है। 'यक रोज़ा' की इबारत यह है :-

"हम नहीं मानते कि अल्लाह का झूट बोलना मुहाल (असम्भव) है।"

'बराहीने क़ातेअ' की इबारत यह है :-

"इम्काने किज़्ब (झूट) का मसअला तो अब जदीद किसी ने नहीं निकाला बल्कि क़ुदमा (पुराने उल्मा) में इख़्तेलाफ़ (मतभेद) हुआ है कि ख़ल्फ़े वईद (वायदे के ख़िलाफ़ करना) आया जाइज़ है कि नहीं।"

मौ. इस्माईल देहलवी ने तो साफ़ लिख दिया कि हम नहीं मानते कि अल्लाह तआ़ला का झूट बोलना असम्भव है यानी अल्लाह तआ़ला झूट बोल सकता है। मौ. क़ासिम नानूतवी ने यह कह दिया कि अल्लाह का झूट बोलना और वायदे के ख़िलाफ़ करना इन बातों में तो पुराने आलिमों के मतभेद है यानी कुछ आलिम इस बात को मानते रहे हैं कि अल्लाह झूट बोल सकता है और वायदे के ख़िलाफ़ भी कर सकता है जबकि ऐसा नहीं है सारे पुराने आलिम बुज़ुर्ग हमेशा से अल्लाह तआ़ला को बेऐब और हर ऐब से पाक मानते आए हैं। अब यह लोग (यानी उल्माए देवबन्द) अल्लाह के लिए झूट बोलना को सम्भव बता कर उसे ऐबदार नहीं बता रहे। क्या अल्लाह को झूटा कहना या उसके झूट बोलने को सम्भव मानना उसे ऐब लगाना और उसकी तौहीन नहीं है, बेशक यह तौहीन है।

यह लोग अल्लाह तआ़ला में झूट का ऐब साबित करने के लिए दलील यह देते हैं कि अल्लाह पाक हर चीज़ पर क़ादिर है यानी वह हर काम कर सकता है और वह हर वह काम कर सकता है जो बन्दा कर सकता है लिहाज़ा वह झूट भी बोल सकता है। अपने सुबूत में ये लोग क़ुरआन

की यह आयत पेश करते है कि اِنَّ اللّٰہَ عَلٰی کُلِّ شَیۡءٍ قَدِیۡرٌ (तर्जमा : बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर है)। बेशक यह .कुरआन की आयत है बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर है लेकिन वह अपनी शान के लाएक़ क़ादिर है यानी जो उसकी शान है वह वही काम करता है और ऐबदार काम करना उसके लिए मुहाल (असम्भव) हैं चूंकि उसमें ऐब होना मुहाल लिहाज़ा ऐब का काम करना भी मुहाल। मिसाल के तौर पर कोई कहे कि अल्लाह दूसरा अल्लाह बना सकता या बहुत से अल्लाह बना सकता लिहाज़ा अगर यह बात साबित करने के लिए .कुरआन की यही आयत पेश की जाए तो क्या यह भी मुमकिन मान लिया जाएगा नहीं हरगिज़ नहीं। लिहाज़ा साबित हुआ कि अल्लाह तआला के लिए ऐब की कोई बात साबित करना या झूट और वायदा ख़िलाफ़ी जैसे ऐब को साबित करना अल्लाह तआला की खुली तौहीन है और ऐसा अक़ीदा रखने वाला अल्लाह पाक बेऐब की तौहीन करता है लिहाज़ा काफ़िर -ओ- मुरतद है। इन इबारात की फ़ोटो कापी किताब के आख़िर में देखें।

<u>नोट</u> : इस मसअले को समझने के लिए आलाहज़रत मुजद्दिद दीन -ओ- मिल्लत शाह मुहम्मद अहमद रज़ा ख़ाँ रदि़यल्लाहु तआला अन्हु का रिसाला " सुब्हानस्सुब्बूह " फ़तावा रज़विया की छटी जिल्द में पढ़ें।

2. मौ. इस्माईल देहलवी की फ़ारसी में छपी किताब "सिराते मुस्तक़ीम" के पेज न. 86 पर और इसी किताब के उर्दू एडीशन के सफ़ा 126 पर लिखी अन्डर लाइन इबारत का मफ़हूम यह है कि नमाज़ में ज़िना के वसवसे से बीबी के साथ मुजाअमत (सम्भोग) के ख़्याल को बेहतर और हुज़ूर अलैहिस्सलाम की तरफ़ तवज्जो लगाने को गधे और बैल के ख़्याल में मुस्तग़रक़ (ख़्याल में डूब जाना) हो जाने के

मुक़ाबिले में बदतर क़रार दिया है। (नऊज़ो बिल्लाह मिन ज़ालिक) अब आप ख़ुद ही फ़ैसला करें कि इस इबारत को सही कहने या मानने वाला क्या है? काफ़िर है या नहीं? और उससे होशयार रहें कहीं ईमान न चला जाए। यानी इनका अक़ीदा यह है कि अगर नमाज़ के दौरान हुज़ूर का ख़्याल आ जाए तो नमाज़ जाती रहेगी जबकि गधे घोड़े या बीवी से हमबिस्तरी का ख़्याल आ जाने से नमाज़ में ख़लल न आएगा। बाज़ लोग यह कहते हैं कि नमाज़ में सिर्फ़ अल्लाह का ख़्याल आना चाहिए नहीं तो नमाज़ शिर्क हो जाएगी तो मैं उन जाहिलों से पूछता हूँ कि दुरूद के वक़्त किसका ख़्याल आना चाहिए क्या अल्लाह पर दुरूद पढ़ा जाएगा। इसके अलावा .कुरआन की वह आयात जिनमें हुज़ूर ही का ज़िक्र है क्या छोड़ छोड़ कर नमाज़ या तरावीह पढ़ोगे। अल्लाह बचाए रखे ऐसे घिनौने अक़ीदे से।

इस घिनौनी इबारत की फ़ोटो स्टेट कापी इस किताब के आख़िर में मुलाहिज़ा फ़रमायें।

3. मौ. अशरफ़ अली थानवी ने अपनी किताब "हिफ़ज़ुल ईमान" सफ़ा 8 पर हुज़ूर नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इल्मे ग़ैब के मुताल्लिक़ बहस करते हुए लिखा है --- हुज़ूर के लिए इल्मे ग़ैब कुल होगा या बाज़ (यानी थोड़ा या कुछ या कुल से कम) कुल तो अक़लन मुहाल (असम्भव, नामुमकिन) है और अगर बाज़ है (यानी थोड़ा है) तो ऐसा इल्म कि हर सबी (बच्चे) मजनून (पागल) हैवानात (सभी पशु) और बहाएम (जंगली जानवर) को भी हासिल है इस में हुज़ूर की ही क्या तख़सीस (ख़ुसूसियत) है।

ज़ाहिर है कि जब कुल इल्म मुहाल है तो हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के लिए बाज़ इल्म का साबित होना तसलीम है मगर सवाल यह है कि हुज़ूर

अलैहिस्सलाम के लिए बाज़ उलूम मानकर उलूम में हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को पागलों, बच्चों, हैवानों और चौपाओं के साथ मिसाल देना किस मुसलमान को बर्दाश्त हो सकता है।

मैं अगर आपसे यह कहूँ कि आपको, आपके माँ-बाप और आपके उस्ताद को कुल इल्म मुहाल है और बाज़ इल्म साबित और इसमें आपके माँ-बाप या उस्ताद ही क्या बाज़ इल्म तो एक सुअर, कुत्ते, बन्दर, बच्चे और पागल को है तो यक़ीनन आपको सख़्त नागवार गुज़रेगा और आपका बस चले तो मुझे सख़्त से सख़्त सज़ा देंगे शायद जान से ही मार डालेंगे यहाँ कोई शक की गुन्जाइश नहीं कि यह तौहीन है तो फिर मेरे भाई उनके लिये जो हमारे सरकार हैं, अल्लाह के रसूल हैं, अल्लाह के बाद जिनका दर्जा है, जहाँ से इल्म बटता है जिनके लिये सारे आलम पैदा किये गए, जो हमारे आक़ा व मौला हैं और जो हमें अपने माँ-बाप, बीवी, औलाद और माल से भी ज़्यादा अज़ीज़ हैं यह बात कैसे क़ाबिल-ए-बर्दाश्त है हर्गिज़ हर्गिज़ नहीं। जब यह इबारत हम आप जैसों की तौहीन हुई तो उनकी तौहीन क्यूँ न हुई, क्या हुज़ूर के लिए ऐसी बात बकना हुज़ूर को गाली देना और कुफ़्र नहीं, बेशक यह कुफ़्र है और जो शख़्स ऐसा बकने वाले को मुसलमान जाने वह भी काफ़िर है मुरतद है। इस इबारत की फ़ोटो स्टेट किताब के आख़िर में देखें।

4. मौ. ख़लील अहमद अम्बेठी ने अपनी किताब "बराहीन-ए-क़ातेआ" के सफ़ा 55 पर लिखी अन्डर लाइन इबारत का मफ़हूम यह है कि "शैतान और मलकुलमौत (रूह क़ब्ज़ करने वाला फ़रिश्ता) का इल्म नस से साबित है (यानि .क़ुरआन व हदीस से साबित है) और हुज़ूर का इल्म नस से साबित नहीं बल्कि ऐसा मानना शिर्क है ईमान नहीं"

भाईयों ईमान से बताना कि इसमें शैतान के इल्म को हुज़ूर के इल्म से ज़्यादा अहमियत दी गई या नहीं? शैतान के इल्म का सुबूत दिया और हुज़ूर के इल्म को मानने को शिर्क बताया। क्या यह हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम की तौहीन नहीं है? क्या ऐसे को अपना पेशवा या मौलाना मानकर हम ख़ुदा को मुँह दिखा सकेंगे? क्या ऐसे शख़्स को काफ़िर कहना ज़ुरूरी न होगा? क्या ऐसे शख़्स को मुसलमान जानने वाला ख़ुद मुसलमान है? यही वह अक़ीदों के इख़्तेलाफ़ हैं जिनकी बिना पर देवबन्दी गुमराह कहे जाते हैं। ख़बरदार, होशियार।

"बराहीन क़ातेआ" के सफ़ा 55 के अलफ़ाज़ यह हैं सुबूत के लिये फ़ोटो स्टेट कापी मौजूद है।

"ग़ौर करना चाहिए कि शैतान व मलाकुल मौत का हाल देखकर इल्म मुहीत-ए-ज़मीन का फ़ख़रे आलम को ख़िलाफ़ नुसूस-ए क़तइया के बिला दलील महज़ क़यास फ़ासदा से साबित करना शिर्क नहीं तो कौन सा ईमान का हिस्सा है। शैतान व मलाकुल मौत को यह वुसअत नस से साबित हुई, फ़ख़रे आलम का वुसअत-ए-इल्म को कौन सी नस क़तई है कि जिससे तमाम नुसूस को रद्द करके एक शिर्क साबित करता है"

यह अलफ़ाज़ मैने ज्यूँ के त्यूँ नक़ल कर दिये हिन्दी वालों की आसानी के लिये बताता चलूँ कि इल्म मुहीत-ए-ज़मीन के मायने हैं कि सारी ज़मीन के इल्म को घेरे हुए, फ़ख़रे आलम हुज़ूर सल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम के लिये आया है, नस क़तईया का मतलब है कि वह क़ुरआन व हदीस की इबारतें जिससे दूसरे माअनी का शुबा न हो, क़यासे फ़ासदा यानी बेकार ख़्याल, वुसअत यानी चौड़ाई लम्बाई यानी नाप अब फिर ग़ौर से पढ़िए और समझिए फिर देखिये कि हुज़ूर

सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इल्म को साबित करने को शिर्क बताया जा रहा है और शैतान और मलाकुल मौत के इल्म के सुबूत में नस पेश की जा रही है तो यह हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान घटाना या उनकी खुली तौहीन और गुस्ताख़ी नहीं तो और क्या है और सरकारे दो आलम की तौहीन के ये अलफ़ाज़ कुफ़्र साबित नहीं करते तो और क्या है। अब भी कहीं गुन्जाइश है ऐसे शख़्स को काफ़िर समझने में जो अल्लाह के महबूब के इल्म को यूँ शैतान से कमतर बताए। यहाँ एक बात और ग़ौर करने की है कि शैतान के लिये इल्म का साबित करना शिर्क नहीं है और हुज़ूर के लिये वह साबित करना शिर्क हो गया और अगर हुज़ूर के लिये शिर्क है तो शैतान के लिये मानना क्यूँ शिर्क नहीं? यानी ऐसी घिनौनी इबारत लिखने वाला ख़ुद ही अपने जाल में फंस गया और ख़ुद अपने ही अल्फ़ाज़ से मुशरिक साबित हुआ। ऐ भोले मुसलमानों! ईमान से कहना भोले मुसलमानों को मुशरिक कहने वाला ऐसा शख़्स मुशरिक हुआ या नहीं, बेशक हुआ।

<u>नोट</u> :- अहले सुन्नत व जमाअत का अक़ीदा यह है कि अल्लाह तआला का इल्मे ग़ैब ज़ाती है यानी उसको किसी ने दिया नहीं और हुज़ूरे अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इल्मे ग़ैब अताई यानी अल्लाह तआला का दिया हुआ है ---- अल्लाह का इल्म क़दीम (हमेशा से) है और मख़लूक़ का इल्म हादिस (जो बाद में पैदा हुआ) --- अल्लाह का इल्म नामख़लूक़ है बन्दे का मख़लूक़ --- अल्लाह का इल्म नामक़दूर है बन्दे का मक़दूर (क़ुदरत दिया गया) --- अल्लाह का इल्म ज़रूरी बक़ा (हमेशा रहने वाला) और बन्दे का जाएजुलफ़ना (फ़ना होने वाला) --- अल्लाह का इल्म मुम्तनाउलतग़य्युर (जिसमें तबदीली न हो

सके) और बन्दे का मुम्किनुत्तबदील (जो तबदील हो सके)। दूसरी ख़ास बात यह है कि अहले सुन्नत व जमाअत का अक़ीदा यह है कि अगर अव्वलीन व आख़रीन का इल्म जमा किया जाए तो उस इल्म का इल्मे इलाही से वह निसबत हरगिज़ नहीं हो सकती जो एक क़तरे के करोड़वें हिस्से को समन्दर से है कि यह निसबत मुतानाही (इन्तेहा यानी आख़िर तक पहुँचाने वाला) की मुतानाही के साथ है और वह ग़ैर मुतानाही, मुतानाही को ग़ैर मुतानाही से क्या निसबत।

इल्मे ग़ैब के मसअले को समझने के लिए और यह जानने के लिए कि अहले सुन्नत वल जमाअत का इंल्मे ग़ैब के बारे में क्या अक़ीदा है आलाहज़रत की लिखी हुई निम्न किताबों को देखें :-

1. अद्दौलतुल मक्किया 2. इम्बा उल मुस्तफ़ा 3. इल्मे ग़ैबे रसूल

5. मु. .कासिम नानूतवी बानी दारुलउलूम देवबंद ने एक किताब लिखी जिसका नाम "तहज़ीरुन्नास" है। इस किताब के सफ़ा 2, 3, 13 और 24 की फ़ोटो स्टेट कापी यहाँ पेश की जा रही है जिनका मफ़हूम हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के ख़ातमुन्नबीय्यीन (यानि जिन पर नबुव्वत ख़त्म हुई और अब उनके बाद कोई नबी नहीं आऐगा) होने का इन्कार है। अन्डर लाइन इबारत के अलफ़ाज़ (सफ़ा 13) यह हैं।

"अगर बिल फ़र्ज़ आपके ज़माने में भी कहीं और कोई नबी हो जब भी आपका ख़ातिम होना बदसतूर बाक़ी रहता है"

इसी किताब के सफ़ा 24 के अलफ़ाज़ हैं।

"अगर बिल फ़र्ज़ ज़मानए नबवी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम भी कोई नबी पैदा हो तो फिर भी ख़ातमियत मुहम्मदी में कुछ फ़र्क़ न आएगा"

बिल्कुल साफ़-2 इन अलफ़ाज़ से ज़ाहिर है कि हुज़ूर

सल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम के ज़माने या बाद ज़माने के नबी पैदा हो सकता है क्यूंकि मौ. क़ासिम नानूतवी की नज़र से इससे हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम के ख़ातमुन्नबीय्यीन होने पर फ़र्क़ नहीं पड़ेगा।

अपने ईमान से यह बात कहियेगा कि इन अलफ़ाज़ में साफ़-2 हुज़ूर के ज़माने या ज़माने के बाद में नबी के पैदा होने का इक़रार है या नहीं यानी यह अलफ़ाज़ यह बता रहे हैं कि नबी पैदा हो सकता है, दूसरे लफ़्ज़ों में हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम के ख़ातमुन्नबीय्यीन होने का साफ़ इन्कार है या नहीं यानी नुबुव्वत ख़त्म नहीं हुई है और अभी नबी पैदा हो सकता है और इस बात से हुज़ूर के आख़री नबी होने पर कोई फ़र्क़ न आएगा।

याद रखिये हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम के ख़ातमुन्नबीय्यीन होने का इन्कार कुफ़्र है। यह बात .कुरआन और हदीस से साबित और तमाम मुसलमानों का शुरू से अक़ीदा है कि मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम तमाम नबीयों में आख़िर में तशरीफ़ लाए और आप पर नुबुव्वत ख़त्म हो गई और अब कोई नया नबी नहीं आएगा और अगर कोई नबी होने का दावा करे वह काफ़िर है जो उसे नबी माने वह भी काफ़िर है हत्ताकि हुज़ूर सल्लल्लाहु तआ़ाला अ़लैहि वसल्लम के ख़ातमुन्नबीय्यीन होने में शक करे। वह भी काफ़िर है। फ़ोटो स्टेट किताब के आख़िर में देखें।

<u>नोट</u> : इस मसअले को तफ़सील से समझने के लिए आलाहज़रत की किताब "ख़त्मे नुबुव्वत" देखें

6. मौ. इसमाईल देहलवी ने अपनी किताब तक़वीयतुल ईमान के निम्न सफ़ों पर निम्न बातें लिखी हैं :

1. हर मख़लूक़ छोटा हो या बड़ा वह अल्लाह की शान के आगे चमार से भी ज़्यादा ज़लील है।(तक़वीयतुल ईमान सफ़ा 13)

2. जिस का नाम मुहम्मद या अली है वह किसी चीज़ का मुख़्तार नहीं। (तक़्वीयतुल ईमान सफ़ा 28)

3. हुज़ूर अलैहिस्सलाम गंवार की बात सुनकर मारे दहशत के बे-हवास हो गए। (तक़्वीयतुल ईमान सफ़ा 39)

4. इन्सान आपस में भाई-2 हैं जो बड़ा बुज़ुर्ग हो वह बड़ा भाई है, सो उसकी बड़े भाई की सी ताज़ीम की जाए।

(तक़्वीयतुल ईमान सफ़ा 42)

5. यानी मैं (हुज़ूर के लिए) भी एक दिन मर कर मिट्टी में मिलने वाला हूँ। (तक़्वीयतुल ईमान सफ़ा 42)

यह बातें और इनकी फ़ोटो स्टेट आपके सामने हैं देखिए हर मख़्लूक़ में नबी औलिया और बुज़ुर्गाने दीन सभी होते हैं लिहाज़ा यह लफ़्ज़ सभी पर पड़ते हैं कि हर मख़्लूक़ अल्लाह की शान के आगे चमार से ज़्यादा ज़लील है। अल्लाह को इन्सान कितना प्यारा है। अल्लाह पाक ने वली और नबी को कितनी शान से .कुरआन में याद किया है और फिर हुज़ूरे अक़्दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम तो अल्लाह के महबूब और हबीब हैं तो ऐसी बात लिखना हर नेक इन्सान की तौहीन हुई कि नहीं।

मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम और हज़रत अ़ली रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु का नाम लिखकर लिख दिया कि यह किसी चीज़ के मालिक -ओ- मुख़्तार नहीं ज़बकि मुसलमान का ईमान है कि अल्लाह तआ़ला ने वलियों और नबियों को क्या क्या इख़्तेयारात दिए हैं और फिर हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम के इख़्तेयारात का क्या कहना।

एक गंवार की बात पर हुज़ूर को बेहवास लिखना हुज़ूर स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम की खुली तौहीन है।

हर बुज़ुर्ग की ताज़ीम सिर्फ़ इतनी बताई जा रही है कि

उसे बड़े भाई का दर्जा दो बस इससे आगे नहीं और आप ख़ूब जानते हैं कि अल्लाह पाक ने हुज़ूर की कितनी ताज़ीम करने का सख़्ती से हुक्म दिया है यहाँ तक कि अल्लाह व रसूल की ताज़ीम को ऐन ईमान बताया है। आगे आने वाले सफ़हात में आप हुज़ूर की ताज़ीम का सुबूत .क़ुरआन की आयात से पढ़ेंगे।

हुज़ूर की तरफ़ निसबत करके लिख दिया कि मैं एक दिन मर कर मिट्टी में मिल जाऊँगा, क्या हुज़ूर के लिये 'मिट्टी में मिल जाना' कहना उनकी खुली तौहीन नहीं है जबकि अल्लाह पाक ने नबी के जिस्म को ज़मीन के लिये हराम फ़रमा दिया यानी वह कभी मिट्टी न होंगें।

इसी तरह से हदीसों से .साबित कि शहीद, हाफ़िज़े बाअमल और कसरत से दुरूद पढ़ने वाले को ज़मीन नहीं खाती तो जो तमाम इन्सानों और नबियों के सरदार है क्या वह मर कर मिट्टी हो जायेंगे हरगिज़ हरगिज़ नहीं। अब आप ख़ुद ही इन्साफ़ से फ़ैसला करें कि यह सब बातें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की तौहीन हैं या नहीं।

<u>**नोट**</u> : इन मसाइल को समझने के लिए .क़ुरआन की वो आयात देखें जिनमें हुज़ूरे अक़दस की ताज़ीम आई है; उन अहादीस को देखें जो सरकार की ताज़ीम के अहकाम से भरी हुई हैं बल्कि हज़ारों लाखों उन किताबों को पढ़ें जिनमें सरकार की ताज़ीम का हुक्म है। उन करोड़ों नातों को सुनें जो हर दम कहीं न कहीं आक़ाए दो आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की तारीफ़ें कर रहीं हैं बल्कि उन गुनाहगारों के दिलों से 'ताज़ीम का सलीक़ा सीखें जो अपने गुनाहों की मग़फ़िरत की आस लगाए बैठें सिर्फ़ उन्हीं की ज़ात से और उन नेकोकारों से पूछें जो अपने आमाल पर फ़ख़्र न कर के सिर्फ़ उन्हीं की शफ़ाअत का मुँह तकते हैं।

7. <u>फ़तावा रशीदिया के चन्द सवाल व उनके जवाब</u> :-

1.सवाल : हिन्दू त्योहार होली या दीवाली में अपने उस्ताद या हाकिम या नौकर की खीलें या पूरी या कुछ और खाना बतौर तोहफ़ा भेजते हैं। इन चीज़ों का लेना और खाना उस्ताद व हाकिम व नौकर को दुरुस्त है या नहीं।

जवाब : दुरुस्त है। [फ़तावा रशीदया (सफ़ा 488)]

2. सवाल : हिन्दू जो प्याऊ पानी के लगाते हैं सूदी रुपया सर्फ़ करके, मुसलमानों को उसका पानी पीना दुरुस्त है या नहीं।

जवाब : उस प्याऊ से पानी पीना मुज़ाएका नहीं है।

[फ़तावा रशीदया (सफ़ा 498)]

3. सवाल : मुहर्रम में अशरा वग़ैरा के रोज़ शहादत बयान करना मय अशआर बरिवायते सहीया या ज़ईफ़ा भी, सबील लगाना और चंदा देना और शरबत व दूध बच्चों को पिलाना दुरुस्त है या नहीं।

जवाब : मुहर्रम में ज़िक्र-ए-शहादत हसनैन अलैहिस्सलाम करना अगरचे बरिवायते सहीया हो या सबील लगाना शरबत पिलाना या चंदा सबील और शरबत में देना या दूध पिलाना सब नादुरुस्त और तशबीह रवाफ़िज की वजह से हराम है।

(फ़तावा रशीदया सफ़ा 148)

4. सवाल : जिस उर्स में सिर्फ़ .कुरआन शरीफ़ पढ़ा जावे और तक़सीम शीरीनी हो शरीक होना जाएज़ है या नहीं।

जवाब : किसी उर्स और मौलूद में शरीक होना दुरुस्त नहीं और कोई सा उर्स और मौलूद दुरुस्त नहीं है।

(फ़तावा रशीदया सफ़ा 147)

यह सवाल-जवाब और उनकी फ़ोटो स्टेट आपके सामने है बिल्कुल साफ़ ज़ाहिर है कि मौ. रशीद अहमद गंगोही की नज़र में होली-दीवाली की खीलें और पूरी खाना दुरुस्त मगर मुहर्रम की सबील, शरबत और दूध पीना हराम है।

मौलूद में कितनी भी सही रिवायत बयान हों वह मौ. रशीद अहमद गंगोही की नज़र में हराम है यानी यूँ कहिए कि परसाद तो जाइज़ और नियाज़ हराम है। पाक कमाई का पाक ओ साफ़ खाना .कुरआन की आयात पढ़ते ही नापाक और हराम हो गया और बुतों के आगे रखने पर भी जाएज़। लाहौला वला .कुव्वता इल्ला बिल्ला हिल अ़लिइयिल अ़ज़ीम। ज़िक्रे शहादत हज़रत इमाम आली मक़ाम का हराम है। उर्स में सिर्फ़ .कुरआन पढ़कर शीरीनी तक़सीम करना या किसी भी क़िस्म का उर्स मौ. रशीद की नज़र में दुरुस्त नहीं है।

अपने ईमान से कहिएगा कि यह सब बातें इस्लाम की जड़ों को खोद रही हैं या नहीं। यह कौन से ईमान का जुज़ है कि मौलूद हराम, उर्स हराम ज़िक्र शहादत इमाम हुसैन हराम और होली, दीवाली की पूरी जाएज़, हिन्दू का सूदी पैसे का प्याऊ का पानी पीना दुरुस्त। ज़्यादा कहने की ज़ुरूरत नहीं क्यूँ कि बात एक दम साफ़ है।

फ़तावा रशीदया की फ़ोटो स्टेट किताब के आख़िर में देखें।

<u>**नोट**</u> : इन मसाइल को समझने के लिए निम्न किताबें देखें :-

1. इस्बातुल मौलिदे वल क़याम (मौलाना नक़ी अली ख़ाँ अ़लैहिर्रहमा) 2. फ़ातहा का सुबूत 3. ग्यारहवीं शरीफ़ (मौलाना शाह सलामतुल्लाह रामपुरी)

8. मौ. अशरफ़ अली थानवी के मलफ़ूज़ात पर मुबनी 'अलइमदाद' नामी एक पर्चा थाना भवन से शाय हुआ करता था उसके माह सफ़र हि. 1336 के शुमारे में मौ. अशरफ़ अली थानवी के एक मुरीद का हाल और उसका जवाब इस तरह नक़ल किया गया है :

मुरीद सादिक़ ख़्वाब में कलमा पढ़ना चाहता है लेकिन "मुहम्मदुर्रसुलुल्लाह" की बजाए "अशरफ़ अली रसूलुल्लाह"

पढ़ता है। ग़लती का एहसास करके सही पढ़ना चाहता है मगर ज़बान से वही कलमात निकलते हैं। इतने में नींद से बेदार हो जाता है और बेदारी की हालत में दुरूद शरीफ़ पढ़ना चाहता है मगर ज़ुबान से "अल्लाहुम्मा सय्येदिना व नबीय्येना व मौलाना अशरफ़ अली" निकलता है।

मुरीद सादिक़ अपनी यह कैफ़ियत और हाल मुरशिद की ख़िदमत में लिखता है। साफ़ और सीधी बात थी कि उसे इन कुफ़्री कलामात से तौबा की तलक़ीन की जाती मगर इस ज़ुल्म की फ़रयाद किसके सामने की जाये कि मौ. थानवी उसे जवाब देते हैं कि "इस वाक़ये में तसल्ली है कि जिसकी तरफ़ तुम रुजु करते हो वह बेऔन्हेही तआला मुत्तबे सुन्नत के पैरौं है।"

अब आप ख़ुद फ़ैसला करें कि मौ. थानवी का यह जवाब किस ज़ेहनियत को दर्शाता है कि मुरीद सादिक़ से तौबा कराने के बजाए उसे सही बताया जा रहा है। मुरीद सादिक़ का सवाल और मौ. थानवी का जवाब फ़ोटो स्टेट कापी की शक्ल में किताब के आख़िर में देखें।

क्या यह सिर्फ़ मौलवीयों की लड़ाई है

कुछ लोग आपको ऐसे मिलेंगे जो कहेगें कि मियाँ क्यूँ इन झगड़ों में पड़ते हो यह सब तो मौलवीयों की लड़ाई है। बाज़ कहेंगे चार इमामों के इख़्तेलाफ़ात हैं। याद रखिए ऐसा हरगिज़ हरगिज़ नहीं है चारों इमाम (हज़रत इमामे आज़म इमाम अबू हनीफ़ा, हज़रत इमाम शाफ़ई, हज़रत इमाम हम्बल और हज़रत इमाम मालिक रहमतुल्लाहि तआला अलैहुम) हक़ पर हैं और इनके आपसी इख़्तिलाफ़ अक़ाइद पर हरगिज़ नहीं इन चारों की नज़र में अल्लाह रसूल की तौहीन करने वाला काफ़िर व मुरतद है यह लोग बेवजह किसी पर कुफ़्र और

शिर्क नहीं लगाते। इन्होंने हमेशा हक़ फ़रमाया। यह चारों अहले सुन्नत व जमात के इमाम हैं।

कुछ लोग यह कहते हैं कि मियाँ अपनी दुकाने चमकाने को मौलवीयों ने यह झगड़े पैदा कर दिए हैं इनमें मत पड़ा करो। कुछ लोग आपको इस तरह बहकायेंगे कि देखो मज़ारात पर चन्दा शीरीनी वग़ैरा या नियाज़ के हलवे मांडे का झगड़ा है या यह कहेंगे कि मौलवियों ने आपस में लड़वाने को ये तरह तरह की बातें पैदा कर दी हैं। आप उनसे पूछिए कि :-

झगड़ा किस बात का है

ख़ूब याद रखिए अस्ल इख़्तेलाफ है मुसलमान और मुरतद में फ़र्क़ का। अहले सुन्नत वल जमाअत ही सही रास्ते पर यानी अल्लाह व रसूल सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के रास्ते पर है। हम कहते हैं कि वहाबी देवबन्दीयों ने अल्लाह और उसके रसूल की शान में गुस्ताख़ियाँ कीं और कर रहे हैं जिसका सुबूत उनकी किताबें हैं। वह शख़्स मुसलमान है जो अल्लाह और रसूल की शान में गुस्ताख़ी को कुफ़्र और गुस्ताख़ी करने वाले को काफ़िर जानता है। बहुत से लोग ऐसे मिलेंगे जो कहेगें कि हम ऐसा नहीं करते और हमारे ऊपर इलज़ाम है तो उनको आप इनकी किताबें या इस किताब में चन्द हवालों की फ़ोटोस्टेट कापी दिखा सकते हैं और फिर उनसे पूछीए कि अब क्या कहते हो। अब अगर वह हीले बहाने बनाए तो समझ लीजिए कि उसके दिल में ख़लिश है और फिर भी वह इन इबारतों को कुफ़्र न बताए या ऐसा लिखने वाले को काफ़िर न जाने तो वह मुरतद है और वही है जिसके बारे में सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम पहले ही फ़रमा चुके हैं।

यहाँ एक बात मैं और कहना चाहूँगा उन लोगों से जो यह कहते हैं कि यह सब झूठ है और ऐसा कुछ भी नहीं लिखा गया, वह बात यह है कि दो बातें हो सकतीं है या तो यह सच है या झूट है यानी या तो ऐसा लिखा गया या नहीं। अगर सच है तो इन बातों से तौबा करो कि यह हुज़ूर की शान में खुली तौहीन हैं और अगर यह बातें झूट हैं यानी सुन्नियों ने अपनी तरफ़ से यह बातें गढ़ दीं है और देवबन्दियों का नाम लेकर छाप दीं हैं तो फिर तो यह बहुत हीं ज़लील काम किया जिसने भी किया लेकिन अफ़सोस तो यह है कि आज भी ये किताबें छप रहीं हैं और बिक रहीं हैं और बिल फ़र्ज़ ऐसा है भी तो सुन्नी मुसलमान कहाँ रहे ऐसा करने से तो फिर देवबन्दी वहाबी लोग हम सुन्नियों के पीछे नमाज़ क्यूँ पढ़ते हैं उनसे निकाह वग़ैरा क्यूँ करते हैं।

सुन्नीयों की अफ़सोसनाक बदआमालियाँ

होता यह है कि जब भी इख़्तेलाफ़ का ज़िक्र होता है तो यह लोग अस्ल मुद्दे पर बात न करके आपसे ज़्यादातर निम्न मुद्दों पर बात करते हैं :-

1. सिर्फ़ अल्लाह से मांगों, वसीला कोई चीज़ नहीं, मज़ारात पर न जाओ।
2. नियाज़-नज़र, फ़ातहा, तीजा, चालीसवाँ, बरसी वग़ैरह।
3. मुहर्रमदारी
4. अज़ाने क़ब्र, मीलाद शरीफ़।
5. सलातो सलाम और नामे अक़दस पर अंगूठे चूमना।
6. बारह रबीउलअव्वल पर रोशनी वग़ैरह।
7. खुतबे की अज़ान मस्जिद से बाहर होना, तकबीर के वक़्त खड़े होना।
8. अज़ान के बाद सलात पढ़ना।
9. उर्स वग़ैरह

यह सब बातें अस्ल में जाइज़ हैं मगर इनके करने का तरीक़ा कुछ ऐसा हो चुका है कि वह वाक़ई ग़लत हैं और यह हमारी बदअमली हैं नाकि शिर्क। यह सब बातें जाइज़ हैं इसका सुबूत इस छोटी सी किताब में देना मुश्किल है इसके लिए आप दीगर किताबों का मुताला करें या किसी आलिम से राबता क़ायम करें। यहाँ मैं सिर्फ़ यह कहना चाहता हूँ कि अवाम की बदआमालियाँ देखकर आप कोई अक़ीदा क़ायम न करें और हक़ क्या है यह जानने की कोशिश करें और पहले यह बात तय करें कि वहाबी, देवबन्दी वग़ैरा वाक़ई गुस्ताख़े रसूल हैं या नहीं और जब यह बात तय हो जाएगी तो आगे बढ़ना शायद .ज़ुरूरी न होगा और अगर होगा भी तो अब आइये इस मुद्दे पर बहस कीजिए और .क़ुरआन और हदीस की रोशनी में हक़ और बातिल को पहचानने की कोशिश कीजिए। अल्लाह रसूल आपकी मदद फ़रमाएंगे।

सुन्नीयों की बदआमालियों के तज़किरे से पहले हम आपको बिदअत की .तारीफ़ बताना चाहेंगे क्यूँकि वहाबियों के यहाँ बिदअत का बहुत ख़र्चा है, बात बात पर वह यह कहते हैं कि यह बिदअत है वह बिदअत है।

बिदअत का बयान

लुग़त में नई चीज़ को बिदअत कहते हैं और शरा की बोली में बिदअत वह चीज़ है जो हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के ज़माने के बाद हुई। हज़रते मुल्ला अली क़ारी रह़मतुल्लाहि तआला अलैह लिखते हैं कि इमाम नौवी रह़मतुल्लाहि तआला अलैह ने फ़रमाया ऐसी चीज़ जिसकी मिसाल पहले ज़माने में न हो (लुग़त में) उसको बिदअत कहते है और शरा में बिदअत यह है कि किसी ऐसी चीज़ का ईजाद करना जो हुज़ूर अलैहिस्सलातु वस्सलाम के ज़ाहिरी ज़माने में न थी। (मिरक़ात जिल्द अव्वल)

बिदअत हस्ना भी होती है और सइय्या भी होती है। हज़रत शैख़ अब्दुल हक़ मुहद्दिस देहलवी रहमतुल्लाहि तआला अलैह अपनी किताब 'अशिअतुल्लमआत' जिल्द अव्वल में फ़रमाते हैं जो बिदअत कि हुज़ूर की सुन्नत के उसूल व क़वाइद के मुताबिक़ है और उसी पर क़ियास की गई है उसको बिदअते हसना कहते हैं और जो बिदअत कि सुन्नत के मुख़ालिफ़ हो उसे बिदअते गुमराही कहते हैं।

और सरकारे अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जो शख़्स इस्लाम में किसी अच्छे तरीक़े को राइज करेगा तो उसको अपने राइज करने का सवाब मिलेगा और उन लोगों के अमल करने का भी जो उसके बाद उस तरीक़े पर अमल करते रहेंगे और अमल करने वालों के सवाब में कोई कमी भी न होगी और जो इस्लाम में किसी बुरे तरीक़े को राइज करेगा तो उस शख़्स पर उसके राइज करने का भी गुनाह होगा और उन लोगों के अमल करने का भी गुनाह होगा जो उसके बाद उसके तरीक़े पर अमल करते रहेंगे और अमल करने वाले के गुनाह में कोई कमी न होगी। (मुस्लिम शरीफ़ व मिशकात शरीफ़)

इस हदीस शरीफ़ से भी मालूम हुआ कि बिदअत हस्ना भी होती है और सइय्या भी। बिदअत हस्ना का इन्कार करना इस हदीस का इन्कार करना है। बिदअतों की कुल पाँच क़िस्में हैं। 1. बिदअते वाजिबा 2. बिदअते मुस्तहब्बा 3. बिदअते मुहर्रमा 4. बिदअते मकरूहा 5. बिदअते मुबाह। हम यहाँ सिर्फ़ बिदअत की क़िस्में बता रहे हैं उन पर दलाइल नहीं पेश कर रहे दलाइल के लिए बड़ी किताबों को देखें या किसी सुन्नी आलिम से दरयाफ़्त करें।

1. <u>बिदअते वाजिबा</u> : वह नई चीज़ जो शरअन मना न हो और उसके छोड़ने से दीन का नुक़सान हो जैसे क़ुरआन व

हदीस समझने के लिए इल्मे नहव का सीखना और गुमराह फ़िरक़ों पर रद्द के लिए दलाइल क़ाइम करना।

2. बिदअते मुस्तहब्बा : वह नई चीज़ जो शरीअत में मना न हो और उसको आम मुसलमान कारे सवाब जानते हों। उसका करने वाला सवाब पाएगा और न करने वाला गुनहगार नहीं होगा जैसे मदरसों की तामीर करना और अज़ान के बाद सलात पुकारना। जैसा कि दुर्रे मुख़्तार बाबुल अज़ान में है कि अज़ान के बाद "अस्सलातु वस्सलामु अलैका या रसूलल्लाह" पढ़ना माहे रबीउल आख़िर सन् 781 हिजरी में जारी हुआ और वह बिदअते हसना है।

3. बिदअते मुहर्रमा : वह नई चीज़ जिससे दीन को नुक़सान पहुँचे जैसे अहले सुन्नत व जमाअत के ख़िलाफ़ नए अक़ीदे वालों के मज़हब।

4. बिदअते मकरूहा : वह नई चीज़ जिससे कोई सुन्नत छूट जाए जैसे जुमा व ईदैन व ख़ुतबा अरबी के इलावा किसी दूसरी ज़बान में पढ़ना और ख़ुतबे की अज़ान मस्जिद के अन्दर देना।

5. बिदअते मुबाह : वह नई चीज़ जिसके करने न करने पर सवाब व अज़ाब न हो जैसे अच्छे अच्छे खाने खाना और रेलगाड़ी वग़ैरा में सफ़र करना।

बिदअतों का रिवाज

अब बिदअते हस्ना और बिदअते मुबाह जो मुसलमानों में राइज है उनकी थोड़ी तफ़सील मुलाहिज़ा फ़रमायें

1. मुसलमान बच्चों को ईमाने मुजमल और ईमाने मुफ़स्सल याद कराया जाता है। ईमान की यह दो क़िस्में और उनके यह दोनों नाम बिदअत हैं।

2. कलिमों की तादाद उनकी तरतीब और उनके नाम सब बिदअत हैं।

3. .कुरआन शरीफ़ का 30 पारे बनाना, उनमें रुकू काइम करना, उस पर ज़बर, ज़ेर वग़ैरा लगाना और आयतों का नम्बर लगाना सब बिदअत हैं।

4. हदीस को किताबी शक्ल में जमा करना, हदीस की किस्में बनाना कि यह सहीह है, यह हसन है, यह ज़ईफ़ है वग़ैरा-2 और फिर उनके अहकाम मुक़र्रर करना सब बिदअत हैं।

5. उसूले हदीस उसूले फ़िक़्ह के सारे क़ाइदे क़ानून बिदअत है।

6. फ़िक़्ह और इल्मे कलाम जिन पर आजकल दीन का दारोमदार है यह भी शुरू से आख़िर तक बिदअत हैं।

7. नमाज़ में ज़बान से नियात करना बिदअत और रमज़ान में बीस रकअत तरावीह पर हमेशगी करना बिदअत है जैसा कि ख़ुद हज़रते उमर रद़ियल्लाहु तआला अन्हु ने फ़रमाया कि यह बेहतरीन बिदअत है।

8. रोज़ा की व इफ़्तार की नियत ज़बान से करना बिदअत है।

9. ज़कात में मौजूदा सिक्का अदा करना और रुपया पैसा से फ़ितरा निकालना सब बिदअत है। .

10. जहाज़ों, मोटरों वग़ैरह के ज़रिए हज करना और मोटरों में अराफ़ात जाना सब बिदअत है।

11. शरीअत के चार तरीक़े हनफ़ी, शाफ़ई, मालिकी और हंबली। इसी तरह चार सिलसिले क़ादिरी, चिश्ती, नक़्शबन्दी और सोहरवर्दी सब बिदअत है और इनके वज़ीफ़े, मुराक़बे, चिल्ले वग़ैरा भी बिदअत हैं।

12. हवाई जहाज़, रेल, मोटर, टेलीफ़ोन, रेडियो, लाउडस्पीकर, कम्प्यूटर, फ़ोटो स्टेट, फ़ैक्स और इन्टरनेट सब बिदअत हैं।

इसी तरह हज़ारों बिदअत हम हर रोज़ सुबह शाम करते हैं और सब ही करते हैं न इन्हें कोई बुरा कहता है न अच्छा तो फिर मीलाद, फ़ातिहा, सलात, खड़े होकर सलाम, नियाज़ व नज़्र, रबीउल अव्वल शरीफ़ पर चराग़ाँ और उर्स

जैसी बिदअते हस्ना को ही यह देवबन्दी और वहाबी क्यूँ रोकते हैं क्या इससे यह साफ़ ज़ाहिर नहीं होता कि इन बेदीन फ़िरक़ों को उन्हीं बिदअते हस्ना से चिढ़ है जिनमें सय्यदे आलम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम या बुज़ुर्गाने दीन की ताज़ीम व तारीफ़ हो।

जाइज़ बिदअतों के बाद आइये हम आपकी आसानी के लिए उन बदआमालियों का तज़किरा करें जो आम हो चुकी हैं और जो मुख़ालफ़ीन को मौक़ा देती हैं हमें उलझाने और बहकाने का। अहले सुन्नत वल जमात के उलमाए किराम हमेशा से उन्हें नजाइज़ बताते आए हैं जो वाक़ई ग़लत हैं, उनमें से चन्द यह हैं।

(1) मज़ार पर हाज़री देते वक़्त अक्सर लोग हाज़री के आदाब का ख़्याल नहीं रखते और अपने अक़ीदत के इज़हार में हद से तजावुज़ कर जाते हैं। कोई मज़ार के बिल्कुल क़रीब जाकर अपना सिर, आखें, माथा वग़ैरह रगड़ कर हद से ज़्यादा अक़ीदत का इज़हार करता है जबकि मज़ार शरीफ़ पर हाज़री देते वक़्त कम से कम चार हाथ दूर रहने का हुक्म है। हाँ हाथ लगाकर मज़ार शरीफ़ को बोसा देना बिला कराहत जाइज़ है --- और उनके वसीले से मांगना बेशक जाइज़ और .कुरआन और हदीस से साबित है बल्कि जिसको जो मिला वसीले से ही मिला, किसी ज़रिए से मिला, बग़ैर वसीले से किसी को कुछ नहीं मिलता। हाँ हर चीज़ का देने वाला अल्लाह और सिर्फ़ अल्लाह ही है अगर कोई यह अक़ीदा रखे कि उसे अल्लाह के सिवा किसी और ने दिया तो यह शिर्क है। हाँ वसीला और ज़रिया भी अल्लाह ही का पैदा किया हुआ है और अल्लाह हर शख़्स को वसीले से ही देता है।

(2) कुछ लोग मज़ार शरीफ़ पर हाज़री के वक़्त इतनी ज़्यादा

अक़ीदत दिखाते हैं कि मज़ार शरीफ़ के पास सजदे की सी हालत में हो जाते हैं हालांकि यह सजदा नहीं है, यहाँ सजदे की शरायत नहीं पाई जातीं मगर अवाम पर उसका असर ग़लत होगा और ऐसा करने का हुक्म भी नहीं, और अगर वाक़ई कोई ताज़ीमी सजदा करता है तो यह हराम है और अगर यह सजदा इबादतन यानी इबादत की नियत से करता है तो यह अहले सुन्नत वल जमाअत की नज़र में मुशरिक और काफ़िर है। मगर लाइलाहा इल्लल्लाहु मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह पढ़ने वाले से ऐसी उम्मीद नहीं कि वह ग़ैरुल्लाह को इबादत की नियत से सजदा करे अगर करता है तो यह कलिमाए अव्वल का इन्कार है और ऐसा शख़्स इस्लाम से ख़ारिज है।

(3) सिवाए हुज़ूरे अकरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के रौज़ए मुबारक के औरतों की मज़ार पर बढ़ती तादाद बहुत बुरा अमल है। इसमें फ़ितने का बहुत ज़्यादा अन्देशा है जब मस्जिद में औरतों के जाने का हुक्म नहीं तो मज़ार पर क्यूं कर होगा --- और आज हम देख रहे हैं कि बाज़ जगह औरतें मर्दों से आगे आगे हैं इस काम में जबकि औरतों का मज़ारात पर जाना सख़्त मना है।

(4) मज़ारात के मुजाविरों में देखा गया है कि आजकल ज़्यादातर इस ताक में रहते हैं कि कब कोई नज़राना देने वाला फंसे। मुजाविरों का ध्यान मज़ार की ख़िदमत करके साहिब-ए-मज़ार से फ़ैज़ हासिल करने की तरफ़ कम लगकर लोगों की जेब और फ़ातिहा की शीरीनी पर ज़्यादा रहता है। बाज़ जगह देखा गया है कि अगर मुजाविरों को नज़राना न मिले तो वह तरह-2 से डरा कर उससे रक़म ऐंठने की कोशिश करते हैं। बाज़ जगह नज़राना न देने पर कोसने और काम न होने की धमकियाँ भी सुनना पड़ती हैं। यह सब बातें इस क़द्र आम हो गई हैं कि लिखना शायद ज़रूरी भी नहीं

है। बहुत सख़्त गुनाहगार हैं वो लोग जो चन्दे का पैसा उस मद में नहीं लगाते जिस मद के लिए चन्दा किया गया उससे वह अपना बैंक बैलेंस बढ़ाते हैं यहाँ तक कि देखा जा रहा है कि ज़कात के नाम पर लेकर लोग उसे अपने ज़ाती ख़र्च में लाते हैं यानी उस ग़रीब का हक़ मारते हैं जिसका हक़ अल्लाह तआला ने .कुरआन में इरशाद फ़रमाया और इसे फ़र्ज़ फ़रमाया। अल्लाह तआला मुसलमानों को इस बला से बचाए।

(5) तीजा, चालीसवाँ, बरसी, फ़ातहा बेशक जाइज़ हैं मगर नज़र नियाज़ का तरीक़ा कुछ ऐसा हो गया है कि उसका एक अहम मक़सद फ़रामोश होता जा रहा है और वह मक़सद है ग़रीब का पेट भरना, उसे एक वक़्त की रोटी की फ़िक्र से आज़ाद करना। आज हम नियाज़ में अपने दोस्त अहबाब और रिश्तेदारों को बड़ी इज़्ज़त से खिलाते हैं और ग़रीब को या तो बुलाते नहीं या उसे वह इज़्ज़त नहीं देते। --- बाज़ जगह देखा गया है कि नियाज़ वाले दिन क़व्वाली और गाने होते हैं। बाज़ वक़्त तीजा, चालीसवाँ, फ़ातिहा वग़ैरह हम रसमन करते हैं कि कहीं लोग यह न कहें कि लो मियाँ तीजा, चालीसवाँ या बरसी नहीं की। अस्ल मक़सद ईसाले सवाब पर हम ध्यान नहीं देते बस किसी तरह निबट जाना चाहिए। बाज़ वक़्त फ़ातहा देने वाले सही .कुरआन नहीं पढ़ते और इससे अस्ल मक़सद फ़रामोश होता है। याद रखिए यह सब बुज़ुर्गों ने मरने वाले को ईसाले सवाब के वास्ते शुरू किया था और वह ही न हुआ तो क्या फ़ायदा। यह सब इसाले सवाब के जाइज़ तरीक़े हैं जो जाएज़ हैं बिदअत नहीं। और जो इसमें ख़ुराफ़ात हों उनसे बचना चाहिए। ---- बाज़ जगह तीजा चालीसवाँ तीजा चालीसवाँ न होकर एक दावत बन जाता है जो क़तई ग़लत है यह दावत नहीं इससे बचना बहुत .ज़ुरूरी है।

(6) मुहर्रम के दिनों में जो नाजाइज़ बातें निकाल रखी हैं अल्लाह की पनाह शायद ही किसी महीने में होती हों। तख़्त ताज़ियों का निकलना, उनके साथ ढोल बाजा होना, मातम करना, मसनूई करबला बनाना ताज़िया दफ़न करना, नौ तारीख़ को रात भर औरतों व मर्दों का घूम-2 कर तख़्त देखना, रोटी वग़ैरह लुटा कर रिज़्क़ की बेअदबी, मसनूई करबला में वी. सी.आर., छोटा सिनेमा, मेला, औरतों और मर्दों की ख़लत मिलत यह सब बातें सख़्त हराम हैं: भाइयों सोचने का मुक़ाम है कि इमाम आली मक़ाम हज़रत इमामे हुसैन रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु की याद मनाने का क्या यही तरीक़ा है कि मालूम ही नहीं होता कि ग़म मना रहे हो या ख़ुशी। इस बारे में बारहा उल्माए किराम ने लिखा है आप दीगर किताबों से मालूम कर सकते हैं। अलबत्ता मुहर्रम में ज़िक्रे शहादत का करना व सुनना, नियाज़ नज़र करना, सबील लगना, ग़रीबों को उनके नाम का खिलाना और नियाज़ को ग़नी को भी चखना जाइज़ हलाल और बाइस-ए-सवाब है।

(7) बारह रबीउलअव्वल शरीफ़ में रोशनी करना जुलूस निकालना बेशक जाइज़ है मगर याद रखिए यह अल्लाह के रसूल स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम का जुलूस-ए-मुहम्मदी है इसका एहतराम बहुत ज़ुरूरी है और एहतराम का सही तरीक़ा यही है कि इसमें कोई ग़ैर शरई बात न की जाए। देखा यह गया है कि लोग जुलूस के साथ-2 घंटो चलते हैं और बहुत जोश दिखाते हैं मगर नमाज़ क़ज़ा कर देते हैं क्या यही तरीक़ा है रसूल का दामन, ग़ौस का दामन थामें रहने का। लिबास पर लोग ध्यान नहीं देते क्या सिर्फ़ एक दिन के लिए हम अंग्रेज़ी लिबास नहीं छोड़ सकते, सर पर टोपी नहीं रख सकते। बहुत लोगों को देखा गया है कि वह इस पाक जुलूस को आज की नापाक राजनीती से जोड़ देते हैं गर्ज़ यह

है कि जुलूस का एहतराम करें ग़ैर शरई बात न करें। रबीउल अव्वल शरीफ़ में रोशनी करना, मीलाद पढ़ना, नियाज़ नज़र करना, हुज़ूर सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम पर लाखों, अरबों बेगिनती सलाम व दुरूद पढ़ना, नात-ए-पाक पढ़ना यह सब बाइस-ए-बरकत व सवाब है।

(8) यूँही किसी बुज़ुर्ग के उर्स में शरीक होते वक़्त ख़ास ध्यान यह रहे कि ग़ैर शरई बात से दूर रहें यही अक़ीदत है उन बुज़ुर्ग से और यही हुक्म है और तभी फ़ैज़ हासिल होगा। उर्स में ग़ैरशरई क़व्वाली, नाच रंग, फ़ोटो खिचाना, वी. सी.आर. देखना सख़्त हराम है बल्कि उर्स के अलावा भी हराम हैं।

(9) ताक़ पर फूल चढ़ाना, मन्नते मानना यह सब बेअस्ल, वाहियात है और हराम है।

(10) नमाज़, रोज़ा वग़ैरह फ़र्ज़ को तर्क करके मज़ारात पर घूमते रहना, नियाज़ वग़ैरह करते रहना मुख़ालफ़ीन को यह कहने का मौक़ा देती हैं कि यह अल्लाह से न मांगकर ग़ैरुल्लाह से मांगते हैं। बेशक अल्लाह के वली अल्लाह के हुक्म और उसकी दी हुई ताक़त से मदद फ़रमाते हैं और बिगड़े काम बनते हैं, मगर जब हम अपनी बदआमालियों से अल्लाह और उसके रसूल को नाराज़ किए बैठे हैं तो क्यूँ हम हक़दार होंगें अल्लाह के वली से फ़ैज़ हासिल करने के। याद रखिए जब तक फ़र्ज़ ज़िम्मे होता है नफ़्ल मक़्बूल नहीं होता।

(11) आख़िर में एक बात यह है कि हमारी इल्मे दीन से बेरुख़ी हमें इतना कमज़ोर कर देती है कि हम मुख़ालफ़ीन की बातों का माक़ूल जवाब नहीं दे पाते और सिर्फ़ सुनते रहते हैं और बहक जाते हैं, परेशान हो जाते हैं, और ख़ुदा बचाए रखे कभी-2 ईमान गवाँ बैठते हैं --- तो बहुत ज़ुरूरी है कम से कम इतना इल्म सीखना कि अपना अक़ीदा बचा सकें

और अपनी इबादत को सही और क़ाबिल-ए-.क़बूल बनाएं। ख़ूब अच्छी तरह याद रखिए बक़द्रे ज़ुरूरत (यानि जितना ज़ुरूरत है) इल्मी दीन सीखना फ़र्ज़ है। हमें मालूम न था यह उज़्र काम न आएगा यानी हश्र के दिन यह कहने से काम नहीं चलेगा कि हमे तो मालूम ही न था।

बहुत मुख़्तसर तौर पर हमने यहाँ पर सुन्नियों की बदआमालियों और इख़्तलाफ़ी मसाइल पर रौशनी डाली मगर इस मुख़्तसर किताब में मुख़्तसर तक़रीर से शायद बात समझ न आए इस लिए हम इन मसाइल पर अहले सुन्नत वल जमाअत के अक़ीदे को और अच्छी तरह समझाने के लिए कुछ किताबों का हवाला दे रहे हैं जिनमें इन मसाइल को .क़ुरआन और हदीस की रोशनी में समझाया गया है और साथ ही यह भी कहना है कि अवाम जाहिलों के अमल को न देखें न कोई राय क़ायम करें बल्कि सुन्नियों की किताबें क्या कह रही हैं यह समझें। अल्लाह तआला हमे और आपको हक़ पहचानने और उस पर अमल करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। पेश हैं उन किताबों के नाम :-

1. इल्मे ग़ैब के सुबूत में आलाहज़रत की यह किताबें देखें :- अद्दौलतुल मक्किया (अरबी व उर्दू), इल्मे ग़ैबे रसूल, इम्बाउल मुस्तफ़ा।

2. वसीले के सुबूत और बुज़ुर्गों से मदद के सुबूत के बारे में जानने के लिए यह किताबें देखें :-

1. इस्लाहे फ़िक्र ओ ऐतक़ाद (अरबी में अल्लामा सय्यद अलवी मालकी) और यही किताब उर्दू में अल्लामा यासीन अख़्तर मिस्बाही साहब की।

2. वसीला दलाइल की रोशनी में (अरबी में मौलाना हकीम शरफ़ क़ादरी)

3. अल इन्तेबा (शाह वली उल्लाह अलैहिर्रहमा)

4. इस्लामी अक़ाइद (अल्लामा सय्यद यूसुफ़ हाशिम रिफ़ाई)

5. अल इस्तिमदाद (आला हज़रत)
6. निदाए या रसूलल्लाह (आला हज़रत)

3. मज़ारात पर हाज़री के सुबूत में आलाहज़रत की फ़तावा रज़विया (चौथी जिल्द) और .कुबूरे मुसलमान की ताज़ीम -ओ- तौक़ीर देखें। मुफ़्ती अह़मद यार ख़ाँ अ़लैहिर्रह़मा की किताब "जाअल हक़" देखें। जाअल हक़ हिन्दी में भी छपी है।

4. न्याज़ नज़्र व फ़ातहा के सुबूत के लिए 'फ़ातहा का सुबूत' देखें। मौलाना शाह सलामतुल्लाह रामपुरी की किताब 'ग्यारहवीं शरीफ़' देखें।

5. तीजे और चालीसवें वग़ैरह में राइज हो गई ग़लत रस्मों के सुबूत में आला हज़रत की किताब 'दावते मय्यत' देखें जो कि हिन्दी में भी छप चुकी है।

6. मज़ारात पर सजदा व तवाफ़ के रद्द में आलाहज़रत की किताब "हुरमते सजदए ताज़ीमी अहादीस की रोशनी में" देखें. और फ़तावा रज़विया की चौथी जिल्द देखें।

7. मीलाद शरीफ़ और खड़े होकर सलाम पढ़ने के सुबूत में आलाहज़रत के वालिदे माजिद मौलाना नक़ी अ़ली ख़ाँ अ़लैहिर्रह़मा की किताब " इस्बातुल मौलिदे वल क़याम " और आलाहज़रत की किताब " इक़ामतुल क़यामा " देखें।

8. बुज़ुर्गो के मज़ार पर उर्स के सुबूत में फ़तावा रज़विया और जाअल हक़ का मुताला करें।

9. आलाहज़रत ने अपनी किताब "रूहों की दुनिया" और फ़तावा रज़विया की चौथी जिल्द में .कुरआन और हदीस से यह साबित किया कि मुर्दे देखते हैं, सुनते हैं और बोलते भी हैं मगर हम उनका सुनना देखना और बोलना देख नहीं पाते। इस किताब में इस बात का सुबूत भी है कि रूहें घरों पर आती हैं।

10. हुज़ूरे अक़दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम पर

नुबुव्वत ख़त्म हो चुकी यानी अब कोई नबी नहीं आएगा। इस मसअले के सुबूत में आला हज़रत की किताब "ख़त्मे नुबुव्वत" फ़तावा रज़विया की छटी जिल्द में देखें।

11. हुज़ूरे अक्दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के हाज़िर -ओ- नाज़िर होने के सुबूत में मौलाना मुहम्मद फ़ैज़ अहमद उवैसी की किताब "हाज़िर -ओ- नाज़िर" देखें।

12. क़ब्र पर अज़ान के सुबूत में आलाहज़रत की किताब "अज़ाने क़ब्र" देखें। हिन्दी में भी छपी चुकी है।

13. अज़ान के वक्त अंगूठे चूमने के सुबूत में आलाहज़रत की किताब "अंगूठे चूमिए" देखें। हिन्दी में भी छपी चुकी है।

14. रबी उल अव्वल शरीफ़ के मौक़े पर चराग़ाँ करने के सुबूत में आलाहज़रत का रिसाला "बरीक़ुल मनार" फ़तावा रज़विया में देखें।

15. मुहर्रम के दिनों में तख़्त ताज़िया मातम वग़ैरह के रद्द में आलाहज़रत की किताब रिसाला "ताज़ियादारी" देखें। जो हिन्दी में भी शाए हो चुका है।

16. बदमज़हब से निकाह हराम है और इसके अलावा बदमज़हबों के साथ दूसरे अहकामात जानने के लिए फ़तावा रज़विया की छठी जिल्द देखें और मुफ़्ती जलाल उद्दीन साहब की किताब 'बदमज़हबों से रिश्ते' उर्दू व हिन्दी में देखें।

17. मुफ़्ती जलाल उद्दीन साहब की एक किताब "बुज़ुर्गों के अक़ीदे" का मुताला करने के बाद आपको यह पता चलेगा कि हमारे बुज़ुर्गों के निम्न मसाइल के बारे में क्या अक़ीदे हैं :-

1. तसर्रुफ़ व इख़्तेयार 2. इल्मे ग़ैब 3. हाज़िर ओ नाज़िर 4. क़ब्रों की ज़िन्दगी 5. ताज़ीम 6. वसीला 7. ज़्यारते .कुबूर और उनसे मदद मांगना 8. हुज़ूर के जिस्म मुबारक का साया न था ----- यानी इस किताब के ज़रिए आपको यह बात अच्छी तरह मालूम हो जाएगी कि हमारे बुज़ुर्ग सालहा साल

से बल्कि शुरू से (क्यूँकि इस किताब में नबियों के अक़ीदे भी दिए गए हैं) इन इख़्तलाफ़ी मसाइल के बारे में क्या अक़ीदा रखते आये हैं और यह साफ़ ज़ाहिर हो जाएगा कि बुज़ुर्गों के वही अक़ीदे रहे हैं जो आज अहले सुन्नत वल जमाअत के हैं।

18. अल्लामा अर्शदुल क़ादरी साहब की एक किताब "ज़लज़ला" है जिसमें देवबन्दियों की किताबों के हवाले से यह सुबूत पेश किया गया है कि जिन अक़ीदों को यह लोग हराम शिर्क व नाजाएज़ मानते हैं उनमें से बहुत से अक़ीदे अपने बुज़ुर्गों के लिए सही जानते हैं --- साथ ही इस किताब में चैलेंज दिया गया है कि जो शख़्स इस किताब में दिए गए हवालों को झूट साबित कर दे उसे इनाम दिया जाएगा। ज़लज़ला हिन्दी में भी छप चुकी है और इन्हीं की लिखी एक किताब "ज़ेर -ओ- ज़बर" भी पढ़ने से तअल्लुक़ रखती है

19. हज़रत मौलाना मुश्ताक़ अहमद निज़ामी रहमतुल्लाहि तआ़ला अ़लैह की किताब "ख़ून के आंसू" में वहाबियों के मक्र -ओ- फ़रेब की ऐसी दास्तान है जो वाक़ई ख़ून के आंसू रुला दे यानी इससे साफ़ ज़ाहिर है कि इन बदमज़हबों ने दीन के ढाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

20. अल्लामा अर्शदुल क़ादरी की किताब "जमाअते इस्लामी" मौदूदी जमाअत के रद्द में है जिसमें मौदूदी जमाअत के बेहूदा अक़ीदों को हवाले के साथ बताया गया है और इसमें साफ़ तौर पर यह साबित किया गया है कि जमाअते इस्लामी एक गुमराह और बद्दीन फ़िरक़ा है।

21. अल्लामा अर्शदुल क़ादरी ही किताबें "तबलीग़ी जमाअत" --- "तबलीग़ी जमाअत का फ़रेब" --- " तबलीग़ी जमाअत अहादीस की रौशनी में" पढ़ने से तअल्लुक़ रखतीं हैं। इन किताबों से साफ़ ज़ाहिर है कि तबलीग़ी जमाअत तबलीग़ की आड़ में क्या खेल खेल रही है यानी नमाज़ के बहाने बुलाती

है और जब आदमी इन पर भरोसा करने लगता है तब धीरे धीरे अपने बातिल अक़ीदों का जाल फैला कर गुमराह करके ईमान पर डाका डालती है। इनमें की दो किताबें हिन्दी में भी छप चुकी हैं।

22. हुज़ूर के इख़्तेयारात के सुबूत में आलाहज़रत की किताब अलअम्नो वल उला देखें।

23. जनाब मौलाना मुहम्मद अहमद मिस्बाही साहब की लिखी किताब "इमाम अहमद रज़ा रद्दे बिदआत व मुनकिरात" में आप आजकल फैल रही बदआमालियाँ और बिदआत को देख सकते है। इस किताब में निम्न बातों का रद्द किया गया है :-

मज़ार का तवाफ़, मज़ार को बोसा देना (उल्मा को इसमें इख़्तिलाफ़ है), मज़ारात पर ऊँचा .कुब्बा बनाना, औरतों का मज़ारात पर जाना, उर्स में रक़्स व ग़ैर शरई क़व्वाली, मसनूई (झूटी बनाई हुई) क़ब्र, ताक़ बनाना, ताज़ियादारी, दावते मय्यत, तीजा फ़ातिहा व नियाज़ औलिया के ग़नी के खाने का हुक्म वग़ैरह बहुत सी बुरी रस्में और बिदआत के बारे में आलाहज़रत के हवाले से इस किताब में यह बताया गया है कि आलाहज़रत ने इन बातों से मुसलमानों को रोका है जबकि आज यह इल्ज़ाम दिया जाता है कि सुन्नी आलिम इन बातों को रोकते नहीं बल्कि करवाते है।

हमने यहाँ बहुत किताबों के नाम आपको गिनाए मगर समझदार के लिए सिर्फ़ एक यही किताब "दावते फ़िक्र" काफ़ी है जिससे साफ़ तौर यह ज़ाहिर हुआ कि अहले सुन्नत के अलावा तमाम फ़िरक़े बदमज़हब हैं और इनसे बचना बहुत .ज़ुरूरी है। अब जो समझना ही न चाहे या सब कुछ समझ कर नादान बने उसका कोई इलाज नहीं। सुन्नियों की तक़रीबन हर किताब में उनके अक़ीदे साफ़ तौर पर लिखे होते हैं, हाँ अवाम की बदआमालियों से लोग ग़लत अक़ीदा क़ाएम कर लेते हैं, अल्लाह तआला हमें आपको और सभी को इन बदआमालियों से बचाए रखे ताकि दुश्मन को मौक़ा न मिले गुमराही फैलाने का।

ईमान अफ़रोज़ राय

अब तक आपने वहाबियों के अक़ीदे और सुन्नियों की बद्आमालियों के बारे में जाना और अब इतना सब कुछ जान लेने के बाद अब आपका फ़र्ज़ बनता है कि आप तहक़ीक़ करने के बाद सिर्फ़ उन अक़ाइद पर क़ायम हो जाइए जो हक़ हैं, उस फ़िरक़े अहले सुन्नत वल जमाअत के साथ हो लीजिए जो अल्लाह और उसके रसूल और सहाबाए रसूल के बताए रास्ते पर हैं। कहने का मतलब यह हरगिज़ नहीं है कि आपसे अगर कोई यह कहे कि फ़लाँ काम किया करो या फ़लाँ न किया करो नहीं तो तुम वहाबी हो जाओगे और आप आँख मूंद कर वहाबी हो जाने के डर से सब कुछ करने को तैयार हो जाएं। आपको जहाँ शक हो कोई शुबा हो अपनें किसी मोतबर सुन्नी आलिम से दरयाफ़्त कीजिए, मसाइल को साफ़-2 समझ लीजिए।

कहना यह भी है कि अगर कोई ऐसा शख़्स जो आपसे फ़ुरूई मसाइल में बहस करता है और वह वाक़ई किसी के बहकावे में है तो आप उसको ख़्वामख़्वाह वहाबी या काफ़िर मत कह बैठिए क्यूंकि :------

मुसलमान को मुसलमान काफ़िर को काफ़िर जानना ज़ुरूरी है

याद रखिए मुसलमान को मुसलमान जानना काफ़िर को काफ़िर जानना ज़ुरूरी है। अगर किसी मुसलमान को कोई काफ़िर कह दे और वह वाक़ई में काफ़िर नहीं तो ऐसा कहने से कुफ़्र उल्टा उसकी ही तरफ़ पलटता है यानी कहने वाला ख़ुद काफ़िर हो जाता है। इसी तरह काफ़िर को मुसलमान जानना या समझना भी कुफ़्र है और ऐसा मानने से आदमी इस्लाम से ख़ारिज है। हाँ अगर किसी के बारे में शक है तो

ख़ामोशी चाहिए। हाँ अगर कोई शख़्स ज़ुरूरयाते दीन का इन्कार करता है या अल्लाह या रसूल स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम की तौहीन करता है तो वह बेशक काफ़िर है। अगर वह सच्चे दिल से तोबा कर लेता है तो फिर उसे मुसलमान ही कहना लाज़िम होगा।

कुछ लोग यह कहते हैं कि किसी को काफ़िर मत कहो या किसी को काफ़िर नहीं कहना चाहिए क्या पता कब वह मुसलमान हो जाए। इस तरह तो मुसलमान को भी मुसलमान शायद न कहा जाए कि क्या पता कब वह काफ़िर हो जाए। याद रखिए यह क़तई ग़लत है काफ़िर को काफ़िर कहना .जुरूरियाते दीन से है और मुसलमान को मुसलमान जानना भी .जुरूरियाते दीन से है। हाँ किसी मख़सूस शख़्स के लिए जब तक कि साबित न हो ले कोई हुक्म नहीं लगा सकते। गर्ज़ इस मसअले में बहुत ऐहतियात की .जुरूरत है मगर आजकल के वो सारे फ़िरक़े जो अल्लाह रसूल की शान में तौहीन करते है क़तअन काफ़िर और मुरतद बल्कि सब कुछ जानने के बाद भी ऐसे लोगों को मुरतद न समझने वाला भी उसी .जुमरे में है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कहते हैं कि किसी को बुरा नहीं कहना चाहिए यह अच्छी बात नहीं। ऐसा नहीं हैं अरे भई चोर तो चोर ही कहलाएगा, शैतान तो शैतान ही कहलाएगा। .कुरआन ने बुरों को बुरा कहा है। ग़ीबत बहुत बड़ा गुनाह है मगर कहीं पर ग़ीबत भी जाएज़ बल्कि सवाब है। वह जिससे किसी मुसलमान को नुक़सान का अन्देशा है उसकी ग़ीबत करना ग़लत नहीं। इसी तरह उस शख़्स की ग़ीबत करना भी ग़लत नहीं जो ईमान का दुश्मन या ईमान छीनने वाला है बल्कि ऐसे शख़्स की ग़ीबत या ऐसे शख़्स से भोले भाले मुसलमानों को होशयार करना बहुत बड़े सवाब का काम है। अल्लाह पाक हमें और आपको इस सवाब से महरूम न करे। आमीन।

मुरतद और मुरतद के अहकाम

इन्सान दो तरह के होते हैं मुसलमान और काफ़िर --- फिर काफ़िर भी दो तरह के होते हैं काफ़िर असली काफ़िर मुरतद। काफ़िर असली वह काफ़िर है जो शुरू से ही कलमए इस्लाम को न मानता हो जैसे दहरिया, मजूसी, मुशरिक और यहूद व नसारा वग़ैरह। काफ़िर मुरतद भी दो तरह के होते हैं। मुरतद मुजाहिर और मुरतद मुनाफ़िक़। मुरतद मुजाहिर वह काफ़िर है कि जो पहले मुसलमान था अब खुल्लम खुल्ला इस्लाम से फिर गया और कलमए लाइलाहाइल्लल्लाह का इन्कार कर के दहरिया, मुशरिक, मजूसी या किताबी वग़ैरह कुछ भी हो गया। मुरतद मुनाफ़िक़ वह काफ़िर है जो कलमए लाइलाहाइल्लल्लाह अब भी पढ़ता है अपने आप को मुसलमान ही कहता है मगर ख़ुदा वन्दे .कुद्दूस, हुज़ूर स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम या किसी नबी की तौहीन करता है या दीगर ज़ुरूरियाते दीन में से किसी बात का इन्कार करता है।

काफ़िरों में सबसे बुरा यही मुरतद मुनाफ़िक़ है जो मुसलमान बन कर कुफ़्र सिखाता है और अल्लाह व रसूल जल्ला जलालुहू व स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम को गालियाँ देता है --- अल अयाज़ु बिल्लहि तआ़ला --- सही मुसलमान वह है जो ज़ुरूरियाते दीन को मानने के साथ साथ तमाम ज़ुरूरियाते अहले सुन्नत को मानता हो और गुमराह मुसलमान वह बदमज़हब है जो ज़ुरूरियाते अहले सुन्नत में से किसी बात का इन्कार करता हो मगर उसकी बदमज़हबी कुफ़्र की हद तक न पहुँची हो। मुनाफ़िक़ों से मुताल्लिक़ चन्द आयात आगे इन्शाअल्लाह आयेंगी यहाँ चन्द हदीसें पेश की जा रहीं हैं। ये हदीसें उन लोगों का मुँह बन्द कर देती हैं जो सुलहकुल की क़िस्म से हैं और ज़बरदस्ती

इत्तेहाद क़ाएम करना चाहते हैं। ये हदीसें साफ़ बता रहीं हैं कि मुरतद के साथ शरीअत ने कोई समझौता नहीं रखा है।

हदीस न. 1 :- हज़रते अनस रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रिवायत है कि सरवरे काएनात स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्ल्म ने फ़रमाया कि जब तुम किसी बदमज़हब को देखो तो उसके सामने ग़ुस्सा ज़ाहिर करो इसलिए कि ख़ुदाए तआ़ला हर बदमज़हब को दुश्मन रखता है। (इब्ने असाकिर)

हदीस न. 2 :- हज़रते हुज़ैफ़ा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रिवायत है कि रसूले अकरम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्ल्म ने इरशाद फ़रमाया कि ख़ुदाए तआ़ला किसी बदमज़हब का न रोज़ा क़बूल करता है न नमाज़, न ज़कात, न हज, न उमराह, न जिहाद और न कोई नफ़्ल न फ़र्ज़। बदमज़हब दीने इस्लाम से ऐसा निकल जाता है जैसे गुंधे आटे से बाल निकल जाता है। (इब्ने माजा)

हदीस न. 3 :- हुज़ूर नूरे मुजस्सम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि अगर कोई बद्मज़हब मसलए तक़्दीर को झुटलाने वाला हज्रे असवद और मक़ामे इब्राहीम के दरम्यान मज़लूम क़त्ल किया जाए और अपने इस मारे जाने पर वह साबिर व तालिबे सवाबे ख़ुदा रहे जब भी अल्लाह अज़्ज़ावजल्ला उसकी किसी बात पर नज़रे करम न फ़रमाए यहाँ तक कि उसे जहन्नम में डाले।

हदीस न. 4 :- हज़रते अबू उमामह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रिवायत है कि सरकारे अक़्दस स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्ल्म ने फ़रमाया कि बदमज़हब दोज़ख़ के कुत्ते हैं। (दार .कुतनी)

हदीस न. 5 :- हज़रते इब्राहीम इब्ने मयसरह रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रिवायत है कि रसूले करीम अ़लैहिस्सलातु वत्तसलीम ने फ़रमाया कि जिसने बदमज़हब की इज़्ज़त की उसने इस्लाम के ढाने पर मदद की। (मिश्कात शरीफ़)

हदीस न. 6 :- हज़रते अबू हुरैरा रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रिवायत है कि रह़मते आलम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने हुक्म फ़रमाया कि बदमज़हब अगर बीमार पड़े तो उसे देखने न जाओ अगर मर जाए तो उसके जनाज़े में शरीक न हो, उससे भेंट हो तो उससे सलाम न करो, उनके पास न बैठो, उनके साथ पानी न पियो, उनके साथ खाना न खाओ, उनके साथ शादी ब्याह न करो, उनके जनाज़े की नमाज़ न पढ़ो। (यह न. 6 की हदीस मुस्लिम, अबू दाऊद, इब्ने माजा, उकैली और इब्ने हब्बान की रिवायतों का मजमूआ है)

हदीस न. 7 :- अबू दाऊद में है कि रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि तमाम नेक कामों में सबसे अफ़ज़ल अमल अल्लाह अज़्ज़ावजल्ला के वास्ते दोस्ती रखना और अल्लाह अज़्ज़ावजल्ला के वास्ते दुश्मनी रखना है।

हदीस न. 8 :- हज़रते अबू ज़र रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु फ़रमाते हैं कि रसूलुल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम हम पर जलवा फ़रमा हुए --- फ़रमाया क्या तुम्हें ख़बर है कि कौन सा अमल अल्लाह तआ़ला को सबसे ज़्यादा महबूब है। किसी कहने वाले ने अर्ज़ की नमाज़ व रोज़ा व ज़कात और किसी ने अर्ज़ की जिहाद। हुज़ूर रह़मते आलम नूरे मुजस्सम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया बेशक तमाम आमाल में अल्लाह तआ़ला को सबसे ज़्यादा महबूब व पसन्दीदा अमल अल्लाह के हक़ के लिए महब्बत व दोस्ती रखना और अल्लाह के लिए अदावत व दुश्मनी रखना।

हदीस न. 9 :- तिर्मिज़ी शरीफ़ में हज़रते मआज़ इब्ने अनस रद़ियल्लाहु तआ़ला अ़न्हु से रावी जनाब रिसालत मआब स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि जिसने दिया अल्लाह के वास्ते और देने से इन्कार किया अल्लाह के वास्ते और ईमान वालों से अल्लाह के लिए दोस्ती की

और बदमज़हबों और बद्दीनों से अल्लाह के वास्ते दुश्मनी रखी तो बेशक उसने अपने ईमान को कामिल कर लिया।

हदीस न. 10 :- बैहक़ी में हज़रते अबू हुरैरा रद़ियल्लाहु तआ़ला अन्हु फ़रमाते हैं कि मैं हुज़ूरे अकरम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम के साथ था तो हुज़ूर ने इरशाद फ़रमाया बेशक जन्नत में चन्द सुतून हैं याक़ूत के उन पर ज़बरजद के बाला ख़ाने बने हुए हैं उनमें दरवाज़े हैं खुले हुए और रौशन हैं जैसे रौशन सितारे --- सहाबा किराम रदियल्लाहु तआ़ला अन्हुम ने अर्ज़ की या रसूलल्लाह (स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम) उन बालाख़ानों में कौन रहेंगे। हुज़ूर ने इरशाद फ़रमाया जो लोग अल्लाह के लिए महब्बत रखते हैं और अल्लाह के लिए लोगों के पास बैठते उठते हैं और अल्लाह के लिए मेल जोल मुलाक़ात करते हैं।

हदीस न. 11 :- इब्ने असाकिर में हज़रते अनस रदियल्लाहु तआ़ला अन्हु से रिवायत हुज़ूरे अकरम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि जब किसी बदमज़हब बद्दीन को देखो तो उसके रु-ब-रु उससे तुर्शरूई करो, इसलिए कि अल्लाह तआ़ला हर बद्मज़हब को दुश्मन रखता है, उनमें से कोई पुलसिरात पर गुज़र न पाएगा बल्कि टुकड़े टुकड़े हो कर आग में गिर जाएगा जैसी टिड्डियाँ और मक्खियाँ ग़िरती हैं।

हदीस न. 12 :- हुज़ूर महबूबे ख़ुदा स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि जो किसी बदमज़हब को उसकी बदमज़हबी की वजह से दुश्मन जानकर उससे मुँह फेरे, अल्लाह तआ़ला उसका दिल अमन और ईमान से भर दे और जो किसी बद्मज़हब को झिड़के अल्लाह तआ़ला उसे उस बड़ी घबराहट के दिन अमान दे और जो किसी बद्मज़हब को ज़लील करे अल्लाह तआ़ला जन्नत में उसके सौ दर्जे बलन्द फ़रमाए। ---- और जो किसी बद्मज़हब को

सलाम करे या ख़ुशी के साथ मिले या उसके सामने ऐसी बात करे जिससे उसका दिल ख़ुश हो तो उसने हल्की जानी वह चीज़ जो उतारी गई मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम पर।

हदीस न. 13 :- अबू दाऊद में हज़रते वास्ला इब्ने अशक़अ रदियल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं मैने अर्ज़ की या रसूलल्लाह असाबिइयत क्या है। हुज़ूरे अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि असाबिइयत (तअस्सुब) की तारीफ़ यह है कि तू अपनी क़ौम को .ज़ुल्म करते हुए देखकर भी उसकी उनकी मदद करे। (यानी जो बद्मज़हबों के .ज़ुल्म को समझने के बाद भी उनकी मदद करे तो तअस्सुब तो यह हुआ नाकि यह कि सबसे से मिलो सब की मदद करो। हदीस के मुताबिक़ तअस्सुब करने वाला कौन हुआ!)

हदीस न. 14 :- दार .क़ुतनी में हज़रते इब्ने मसऊद रदियल्लाहु तआला अन्हु से रावी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि बेशक मेरे लिए अल्लाह तआला ने असहाब चुने तो उन्हें मेरी रफ़ीक़ और मेरी सुसराली और मेरा मददगार किया और अनक़रीब उनके बाद कुछ लोग आयेंगे कि उनकी शान को घटायेंगे और उन्हें बुरा कहेंगे तुम उन्हें पाओ तो उनसे शादी ब्याह रिश्तेदारी न करना, न उनके साथ खाना खाना न पानी पीना, न उनके साथ नमाज़ पढ़ना न उनके जनाज़े की नमाज़ पढ़ना।

हदीस न. 15 :- इब्ने अब्बास रदियल्लाहु तआला अन्हु से रावी हुज़ूर महबूबे किबरिया सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि आख़िर ज़माने में एक क़ौम जमाअत होगी जिनको राफ़ज़ी कहा जाएगा वह दीने इस्लाम को छोड़ देंगे वह लोग मुरतद हैं, उन पर मुरतद के अहकाम जारी हैं।

हदीस न. 16 :- दार .क़ुतनी में हुज़ूर महबूबे मुहतरम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं कि अनक़रीब

मेरी बाद एक जमाअत रूनुमा होगी उनके लिए एक बुरा लक़ब होगा उनको राफ़ज़ी कहा जाएगा --- तो ऐ अली तुम अगर उनको पाना उनसे जंग करना इसलिए कि वो मुरतद हैं। हज़रते अली रदि़यल्लाहु तआ़ला अ़न्हु ने फ़रमाया मैंने अर्ज़ की या रसूलल्लाह स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम उस क़ौम का नाम तो आपने बता दिया है उसकी पहचान भी बता दें। हुजरे अकरम स़ल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया उनकी पहचान ये है कि तुम्हारी तारीफ़ ऐसी करेंगे जो तुममे नहीं हैं (जैसे नबी से अफ़ज़ल होना या आपको ख़िलाफ़त का पहला हक़दार जानना) और अगलों यानी पहले तीन ख़लीफ़ाओं पर तअन करेंगे।

इन हदीसों का ख़ुलासा यह है कि जब यह साबित हो ले कि कोई शख़्स वाक़ई मुरतद है तो उसके साथ निम्न बर्ताव करने का शरीअत ने हुक्म फ़रमाया फिर याद रखिए जब सब तहक़ीक़ हो ले कि वह मुरतद है तब निम्न हुक्म हैं जो .कुरआन और हदीसों से साबित हैं :-

उससे सलाम कलाम हराम, मेलजोल हराम, बीमार पड़े तो उसकी इयादत को जाना हराम, मर जाए तो उसके जनाज़े में शिरकत हराम, उसे मुसलमानों के क़ब्रस्तान में दफ़नाना हराम, मुसलमानों की तरह उसकी क़ब्र बनाना हराम, उसे मिट्टी देना हराम, उस पर फ़ातहा हराम, उसे कोई सवाब पहुँचाना हराम बल्कि खुद कुफ़्र व क़ातेए इसलाम, उससे निकाह हराम, उसके हाथ का ज़बीहा हराम, ग़रज़ वह शख़्स सख़्त क़ाबिले नफ़रत है।

जो शख़्स मुरतद हो जाए उसकी औरत हराम हो जाती है, फिर इसलाम लाए तो उससे दुबारा निकाह किया जाए इससे पहले उस कलमए कुफ़्र के बाद की सोहबत से जो बच्चा होगा हरामी होगा, और यह शख़्स अगर आदत के तौर पर कलमा पढ़ता रहे कुछ फ़ायदा न देगा जब तक अपने

इस कुफ़्र से तोबा न करे कि आदत के तौर पर मुरतद के कलमा पढ़ने से उस का कुफ़्र नहीं जाता। ---- और जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम या किसी नबी की शान में गुस्ताख़ी करे दुनिया में बाद तौबा भी उसे सज़ा दी जाएगी यहाँ तक कि अगर नशे की बेहोशी में कलमा गुस्ताख़ी बका जब भी माफ़ी न देंगें। और तमाम उलमाए उम्मत का इजमा है कि नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की शान-ए-अक़दस में गुस्ताख़ी करने वाला काफ़िर है और काफ़िर भी ऐसा कि जो उसकी कुफ़्र में शक करे करे वह भी काफ़िर है। मुरतद की औरत को इख़्तियार है कि इद्दत के बाद जिससे चाहे निकाह करे।

बदमज़हब के पीछे नमाज़

बदमज़हब को इमाम बनाना गुनाह, उसके पीछे नमाज़ पढ़ना गुनाह। अगर बदमज़हब कुफ़्र की हदों तक पहुँचा है तो उसको इमामत के क़ाबिल जानना कुफ़्र।

शरीअत का यह हुक्म .कुरआन और हदीस से साबित है जैसा कि ऊपर गुज़रा। कुछ लोग कहते हैं बल्कि कुछ मुरतद मुसलमानों को इस तरह बहकाते हैं कि यह भी .कुरआन पढ़ रहा है वह भी .कुरआन पढ़ रहा है लिहाज़ा नमाज़ हो जाएगी नमाज़ सब के पीछे पढ़ लेना चाहिए। याद रखो ऐसा हरगिज़ नहीं। नमाज़ कोई हंसी खेल नहीं अल्लाह की सबसे बेहतर इबादत है। अब ज़रा अक़्ल से सोचो मुसलमानों कि तुम ज़रा सा किसी में ऐब देखते हो तो उसके पीछे नमाज़ पढ़ना गवारा नहीं करते, क्या किसी दाढ़ी मुंडे के पीछे नमाज़ पढ़ते हो (जबकि दाढ़ी मुंडाना छोटा ऐब नहीं) या उस शख़्स के पीछे तुम्हें नमाज़ पढ़ना गवारा होता है जो तरह तरह के गुनाहों में मुलव्विस हो जबकि वह मुसलमान हो तो कैसे तुम्हें उसके पीछे नमाज गवारा है जो अल्लाह

और उसके रसूल की तौहीन करता है। क्या कोई ईसाई! यहूदी या हिन्दू नमाज़ याद करके नमाज़ पढ़ाने खड़ा हो जाए तो तुम नमाज़ उसके पीछे पढ़ोगे, हरगिज़ नहीं यूंही अगर तुम्हें मालूम है कि फ़लाँ शख़्स मुरतद है यानी सिर्फ़ ज़ाहिर का मुसलमान है तो क्या उसके पीछे नमाज़ पढ़ोगे हरगिज़ नहीं। याद रखो मुरतद के पीछे नमाज़ नहीं बल्कि उसे इमामत के क़ाबिल जानना कुफ़्र है जबकि उसकी बदमज़हबियत हदे कुफ़्र तक पहुँच गई हो।

यहाँ एक और बात बड़ी हैरत की है कि सुन्नी तो अलल ऐलान वहाबी मुरतद के पीछे नमाज़ नहीं पढ़ता मगर वहाबी हमारे पीछे नमाज़ पढ़ने से परहेज़ नहीं करता जबकि वह हमें क़ब्र का पूजने वाला मुशरिक और बिदअती न जाने क्या क्या समझता है। अरे अगर हम मुशरिक और बिदअती हैं तो हमारे पीछे नमाज़ क्यूँ पढ़ते हो, हमसे अपने मुर्दे की नमाज़ क्यूँ पढ़ाना चाहते हो, तुम्हें यह कैसे गवारा है कि तुम्हारे मुर्दे के लिए दुआ एक मुशरिक और बिदअती करें यह सब सुन्नियों को धोके देने के नए-नए तरीक़े हैं। यह हमारे सामने यह जताना चाहते हैं कि हम तुम एक हैं और इस तरह ईमान को लूटना इनके लिए आसान होगा।

मुरतद का निकाह

मुरतद का निकाह किसी से नहीं हो सकता यहाँ तक कि मुरतद्दा से भी नहीं। आजकल शादी के वक़्त लोग अकसर, अक़ाएद नहीं देखते और हज़ारों निकाह बातिल हो जाते हैं और इसका गुनाह उन पर होता है जो जानते हुए भी ऐसे निकाह को करते हैं और शरीक होते हैं। आज इस मसअले की बेख़बरी की वजह से बहुतेरे लोग हज़ारों रुपए ख़र्च करके अपनी बहन, बेटी को ज़िना के लिए पेश कर देते हैं और जब निकाह क़ायम न हुआ तो सोहबत कब जाइज़ वह तो ज़िना हो गई। अल्लाह महफ़ूज़ रखे।

आजकल देखा यह गया है कि मुरतद लोग सुन्नीयों में शादी करना चाहते हैं ताकि सुन्नियों के ईमान पर डाका डाल सकें और इस तरह रिशता हो जाने के बाद अपने रिशतेदारों को बेदीन बनाना आसान हो जाए और सिर्फ़ नाम का सुन्नी अल्लाह व रसूल और बुज़ुर्गाने दीन की झूटी महब्बत का दावेदार उनके दुश्मनों के यहाँ रिशता कर लेता है हालांकि उनके यहाँ शादी करना ज़िना का दरवाज़ा खोलना है इसलिए कि मुरतद के साथ निकाह जाइज़ ही नहीं होता जैसा कि फ़तावा आलमगीरी जिल्द अव्वल मिसरी सफ़्हा 263 में है " मुरतद का निकाह मुरतद्दा (मुरतद औरत), मुस्लिमा (मुसलमान औरत) और काफ़िरा असलिया (वह औररत जो असली काफ़िर हो) किसी से जाइज़ नहीं ऐसे ही मुरतद्दा का निकाह किसी से नहीं हो सकता। " इसी तरह इमाम मुहम्मद अलैहिर्रहमत व रिज़वान की किताब मबसूत में है।

हैरत है कि सुन्नी अपने बाप दादा के दुश्मनों से रिश्ता नहीं करता मगर अल्लाह व रसूल और बुज़ुर्गाने दीन के दुश्मनों के यहाँ शादी बियाह करने में कोई रुकावट नहीं महसूस करता और जब उनके यहाँ रिश्ता करने से मना किया जाता है तो कहता है कि अब वह ज़माना नहीं रहा कि उनके यहाँ शादी करने से रोका जाए। ऐसे लोग जब और थोड़ी तरक़्क़ी कर लेंगे तो उन्हें शायद ग़ैर क़ौमों में भी रिश्ता करने से ऐतराज़ न होगा जैसा कि आज कुछ नाम निहाद मुसलमान ग़ैर मुस्लिमों के यहाँ शादी करने लगे हैं।

कुछ लोग कहते है कि लड़की लाने में कोई हर्ज नहीं अलबत्ता उनको लड़की देना ग़लत है हालाँ कि लड़की हो या लड़का किसी का रिश्ता करना उनसे जाइज़ नहीं जैसा कि फ़तावा अलमगीरी के हवाले से अभी गुज़रा। लड़की देने में तो एक लड़की को मुरतद के हवाले करना है और मुरतद की लड़की

लाने में अपने लड़के और उसकी औलाद को मुरतद होने के रास्ते पर खड़ा करना है इसलिए कि अकसर यही होता है कि जिस सुन्नी लड़के की बीवी मुरतद के यहाँ से लाई गई कुछ दिनों के बाद वह बहकी बहकी बातें करने लगता है और औलाद नाना नानी का असर कबूल करती है। मुरतद का ज़बह किया हुआ मुर्दारी खाते है, उन्हीं का तौर तरीका इख़्तियार करते है यहाँ तक कि कुछ दिनों बाद यह होता है कि पूरा घर बेदीन हो जाता है।

खुलासा यह है कि मुरतद के घर लड़की देना या लेना दोनों ही से बेदीनी का दरवाज़ा खुलता है बल्कि लड़की लाने में नुक़सान ज़्यादा है। अल्लाह महफ़ूज़ रखे।

बड़ी हैरत की बात है कि देवबन्दीयों वहाबियों के नज़दीक हम क़ब्र के पूजने वाले हैं तो फिर वह हमसे निकाह करने में परहेज़ क्यूँ नहीं करते। यह सब इनकी मक्कारी है सुन्नीयों के क़रीब आने और उनके ईमान को छीनने के लिए। उससे ज़्यादा हैरत की बात यह है कि सुन्नी या किसी भी शख़्स की बहन बेटी पर कोई ग़लत निगाह डाले तो वह उसकी आखें निकालने को तैयार हो जाता है मगर यहाँ यह नहीं देखता कि जब निकाह ही नहीं हुआ तो कैसे अपनी बहन और बेटी को उस मुरतद के सामने ज़िना के लिए पेश करता है और उसके साथ साथ पूरी महफ़िल यह तमाशा देखने को तैयार है। अल्लाह मुसलमानों को महफ़ूज़ रखे।

यह भी देखा गया है कि कुछ मुरतद दिखावे की तौबा कर लेते हैं और कुछ दुनियादार मौलवी बादे तौबा फ़ौरन निकाह पढ़ा देते हैं और अपना नज़राना सीधा करके चलते बनते हैं। यहाँ पर शरीअत का हुक्म यह है कि तौबा के बाद फ़ौरन उसके साथ निकाह नहीं किया जाएगा बल्कि कुछ दिनों उसे देखा जाएगा कि अपनी तौबा पर वह क़ाइम है या नहीं जैसा कि फ़ासिक़े मोलिन तौबा कर ले तो फ़ौरन उसे इमाम नहीं बना दिया

जाएगा। फ़तावा रज़विया जिल्द 3, फ़तावा क़ाज़ी ख़ाँ और फ़तावा आलमगीरी में है कि "फ़ासिक़ तौबा कर ले तब भी उसकी गवाही नहीं क़बूल की जाएगी जब तक कि इतना वक़्त न गुज़र जाए कि उस पर तौबा का असर ज़ाहिर हो।"

शरीअत के हुक्म से साफ़ ज़ाहिर है कि शरीअत ने मुरतद से किस हद तक नफ़रत दिलाई और इस हुक्म के ज़रिए मुरतद का सोशल बायकाट (यानी बिरादरी से अलग या हुक़्क़ा पानी बन्द करना) करने का हुक्म दिया है क्यूँ। इसलिए कि यह आस्तीन का सांप है और क़ौम और मज़हब की जड़ें खोखली करता है। नेकी की आड़ में वह गुनाह कराता है जिसकी कोई माफ़ी नहीं, ईमान का ऐसा दुश्मन कि कब ईमान छीन ले जाए पता नहीं। शायद कुछ लोगों को इस बात पर ऐतराज़ हो कि इतनी सख़्ती क्यूँ तो अव्वल तो मैं उनसे यह कहना चाहूँगा कि यह हुक्म उनके लिए है जो वाक़ई अल्लाह व रसूल का दुश्मन है और दूसरे मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि अगर उनके माँ बाप, उस्ताद, पीर या दीगर अहबाब की कोई तौहीन करे तो क्या वह बर्दाश्त कर सकेंगें तो कैसे उनकी तौहीन बर्दाश्त होगी जो हमारे सब कुछ हैं जिनके लिए हम दुनिया में आए हैं जिनके लिए अल्लाह पाक ने सारे जहाँ बनाए। वह जो माँ बाप से ज़्यादा हमें प्यार करते हैं, वह जिनसे वास्ता पड़ना है क़ब्र में, हश्र में, वह जो मीज़ान पर और पुलसिरात पर मदद फ़रमायेंगे, हौज़े कौसर पर सैराब करायेंगे वह जो जन्नत में ले जायेंगे वह जो दोज़ख़ से बचायेंगे, वह जिनके बग़ैर न जन्नत मिले न दोज़ख़ से नजात। रोज़े महशर सब उन्हीं के आगे हाथ फैलाऐ होंगे। उस रोज़ किस मुँह से उनका सामना करोगे। क्या वह इस बात से नाराज़ न होंगे, क्या अल्लाह तआ़ला इस बात से नाराज़ न होगा कि दुनिया में तुम अल्लाह रसूल के दुश्मन के साथ

थे। अल्लाह के वास्ते सोचो वह वक़्त जब कोई काम न आयेगा तो कौन काम आयेगा और जो काम आएगा उसी की नाराज़गी ले ली तो क्या पार पा सकोगे। अब भी वक़्त है दूर हो जाओ अल्लाह के दुश्मन से दूर और बहुत दूर रहो। ग़र्ज़ उनके बदगो से हमें दूर रहना है और अगर उनका बदगो हमारे बीच पल रहा है तो उसे दूध की मक्खी की तरह निकाल बाहर फेंकना है, उसका पर्दा फ़ाश करना हमारे और हमारी क़ौम के लिए बेहद ज़ुरूरी है। उम्मीद है आप बात की नज़ाकत को समझ गए होगें। नीचे पेश की जा रही .क़ुरआन की आयतों से बात साफ़ हो जाएगी।

तुम्हारा रब अज़्ज़ावजल्ला फ़रमाता है

قُلْ اِنْ كَانَ اٰبَآؤُكُمْ وَ اَبْنَآؤُكُمْ وَ اِخْوَانُكُمْ وَاَزْوَاجُكُمْ وَ عَشِيْرَتُكُمْ وَ اَمْوَالُ ۨاقْتَرَفْتُمُوْهَا وَ تِجَارَةٌ تَخْشَوْنَ كَسَادَهَا وَمَسٰكِنُ تَرْضَوْنَهَآ اَحَبَّ اِلَيْكُمْ مِّنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَ جِهَادٍ فِىْ سَبِيْلِهٖ فَتَرَبَّصُوْا حَتّٰى يَاْتِىَ اللّٰهُ بِاَمْرِهٖ ؕ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ○(سوره توبة)

तर्जमा : ऐ नबी! तुम फ़रमा दो कि ऐ लोगों! अगर तुम्हारे बाप, तुम्हारे बेटे, तुम्हारे भाई, तुम्हारी बीबीयाँ तुम्हारा कुनबा, तुम्हारी कमाई के माल और वह सौदागरी जिस के नुक़सान का तुम्हें अन्देशा है और तुम्हारी पसन्द के मकान उनमें कोई चीज़ भी अगर तुम को अल्लाह और उसके रसूल स़ल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम और उस की राह में कोशिश करने से ज़्यादा महबूब है तो इन्तज़ार रखो यहाँ तक अल्लाह अपना अज़ाब उतारे और अल्लाह तआ़ला बे-हुक्मों को राह नहीं देता।"

इस आयत से मालूम हुआ कि जिसे दुनिया जहान में कोई मुअज़्ज़म कोई अज़ीज़ कोई माल कोई चीज़ अल्लाह व रसूल से ज़्यादा महबूब हो वह बारगाहे इलाही से मरदूद है अल्लाह उसे अपनी तरफ़ राह नहीं देगा उसे अज़ाब-ए-इलाही

के इन्तज़ार में रहना चाहिए यानी अगर कोई अल्लाह व रसूल से ज़्यादा किसी और चीज़ से महब्बत करता है तो उसे अज़ाब का मज़ा .जुरूर चखना है। वल अंयाज़ु बिल्लाह तआला।

तुम्हारे प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं :–

لا یو من احد کم حتی اکون احب الیه من والده وولده والناس اجمعین٥

<u>तर्जमा</u> : तुम में कोई मुसलमान न होगा जब तक मैं उसे उसके माँ बाप औलाद और सब आदमीयों से ज़्यादा प्यारा न होऊँ। (सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम)

यह हदीस सहीह बुख़ारी व सहीह मुसलिम में अनस इब्ने मालिक अनसारी रदियल्लाहु तआला अन्हु से मरवी है इसमें तो यह बात साफ़ फ़रमा दी कि जो हुज़ूर–ए–अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से ज़्यादा किसी को अज़ीज़ रखे हरगिज़ मुसलमान नहीं। मुसलमानों कहो मुहम्मदुर्रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को तमाम जहान से ज़्यादा महबूब रखना मदारे ईमान व मदारे नजात हुआ या नहीं? कहो हुआ और ज़ुरूर हुआ। यानी उन्हीं की महब्बत ईमान है और उसी से नजात हासिल होगी। यहाँ तक तो सारे कलमागो खुशी–2 .कुबूल कर लेंगे कि हाँ हमारे दिल में मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की अज़ीम अज़मत है। हाँ–हाँ माँ–बाप, औलाद सारे जहान से ज़्यादा हमें हुज़ूर की मुहब्बत है। भाइयों ख़ुदा ऐसा ही करे मगर ज़रा कान लगा कर अपने रब का इर्शाद सुनों।

तुम्हारा रब अज़्ज़ावजल्ला फ़रमाता है

